जबलपुर
शनिवार, 1 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 183
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 28
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



देव उठनी ग्यारस आज

सीएम ब्लॉग

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा

# मप्र में निवेश, नवाचार और रोजगार के संकल्प का अभ्युदय



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

## गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है।



पीएम मोदी और सीएम डॉ. यादव । फाइल फोटो

### औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां

मध्यप्रदेश ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ज्ञान) के सम्मान का मंत्र दिया है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है।

स्थापना दिवस पर आज से 3 बड़े कार्यक्रम



स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रिहर्सल करते कलाकार

## उड़ेगा हेलिकॉप्टर, जुबिन देंगे परफॉरमेंस, उड़ेंगे 2000 ड्रोन

मुख्यमंत्री डॉ यादव करेंगे 'अभ्युदय मप्र' का शुभारंभ | कृष्ण की जीवन यात्रा पर कलाकार देंगे 'विश्ववंद' समवेत प्रस्तुति

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर इस बार सरकार ने बड़ी तैयारी की है। इसके तहत 3 दिन तक बड़े कार्यक्रम होंगे। पहले दिन उज्जैन के लिए पर्यटन हेलिकॉप्टर उड़ान भरेगा। शाम को सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबिन नौटियाल गीत-संगीत की सुमधुर प्रस्तुति देंगे। यहीं पर 2000 ड्रोन के जरिए मध्यप्रदेश की विरासत की झलक भी दिखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार एक नवंबर को शाम 6.30 बजे 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे कई घोषणाएं कर सकते हैं। सोमवार तक चलने वाले इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य, कला, शिल्प कला, छायाचित्र, सांस्कृतिक यात्रा, ड्रोन शो, आतिशबाजी इत्यादि गतिविधियों के माध्यम से मध्यप्रदेश की विरासत और विकास के रंग देखने को मिलेंगे।

### प्रदेश के 500 कलाकार देंगे कृष्ण पर विशेष प्रस्तुति

प्रदेश के 500 कलाकार विशेष प्रस्तुति के रूप में भगवान श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा को 'विश्ववंद' समवेत प्रस्तुति में सांगीतिक रूप में प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से विरासत से विकास पर आधारित एक भव्य ड्रोन शो की प्रस्तुति भी दी जाएगी जिसमें 2000 ड्रोन के माध्यम से अब तक का सबसे बड़ा विजुअल उत्सव होगा।

### विविध अनुषांगिक गतिविधियों का आयोजन

अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत लाल परेड ग्राउंड में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात्रि 10 बजे तक विविध अनुषांगिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें विभिन्न प्रदर्शनियां प्रमुख आकर्षण होंगी, जिसमें विकसित मध्यप्रदेश 2047, मध्यप्रदेश के गौरव विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य की मुद्राएं और सिक्के, आर्ष भारत, भारत विक्रम, मध्यप्रदेश की बावड़ियां, मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला, मध्यप्रदेश में विरासत से विकास, मध्यप्रदेश के मंदिर देवलोक सम्मिलित हैं। इसके अलावा 2 एवं 3 नवंबर को दोपहर 3 बजे से मध्यप्रदेश के जनजातीय एवं लोक नृत्य प्रस्तुतियां भी संयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत करमा, परधौनी, भगोरिया, गुन्नूरसाही, घसियाबाजा, भड़म, बधाई, गणगौर, मोनिया एवं अहिराई सहित कई नृत्य प्रस्तुतियां होंगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

राजधानी के शौर्य स्मारक पर हुआ बड़ा आयोजन

मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर 'एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए' रन फॉर यूनिटी को दिखाई झंडी

# कश्मीर के मसले को 'यूएन' में ले जाने पर सरदार पटेल ने दी थी कड़ी चेतावनी

▶▶ सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरदार पटेल की उसी नीति पर अडिग हैं। इसी का परिणाम है कि भारत किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता, अपने निर्णय स्वयं लेता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अवसर पर शौर्य स्मारक में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सरदार पटेल सदैव इस बात पर कायम रहे कि भारत अपनी समस्या स्वयं सुलझा सकता है।दुर्भाग्य से जम्मू-कश्मीर का मामला उस समय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में ले जाया गया और सरदार पटेल ने तब भी चेतावनी दी थी कि यह गलती है।

वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी, सरदार पटेल की उसी नीति पर अडिग हैं। इसी का परिणाम है कि भारत किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता, अपने निर्णय स्वयं लेता है।

यह वही भावना है जो सरदार पटेल के हृदय में थी, राष्ट्र अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करें और आत्मगौरव के साथ आगे बढ़े।

**सीएम ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और शौर्य स्मारक के कार्यक्रम को किया संबोधित**

**सीएम ने कहा कि सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का बीड़ा भी उठाया था**

> उन्होंने कहा था कि यह बहुत बड़ी गलती होगी भारत अपने मसले खुद सुलझा सकता है



सीएम हरी झंडी दिखाते हुए

### बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांधा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व, अटूट इच्छाशक्ति और अदम्य देश भक्ति ने आजादी के बाद बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए 562 रियासतों का विलय कराया। अपने विशिष्ट व्यक्तित्व में कठोरता और करुणा का अद्भुत संगम लिए वे जहां एक ओर राष्ट्रहित प्रथम के पक्ष पर सदैव अडिग थे, वहीं देश की जनता के प्रति वे गहरी संवेदना रखते थे। वे जनता की नब्ज़ समझते थे।*

### बारडोली आंदोलन के बाद सरदार की उपाधि मिली

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारडोली आंदोलन के बाद उन्हें सरदार की उपाधि मिली। फिर चाहे नमक आंदोलन हो या भारत छोड़ो आंदोलन, सरदार वल्लभभाई पटेल हर आंदोलन की रीढ़ बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के समय जब अंग्रेजों ने यह तय कर लिया कि अब उन्हें देश छोड़ना है, तो उन्होंने भारत को टुकड़ों में बांटने का भयावह षड्यंत्र रचा। अंग्रेजों को यह पता था कि अगर भारत एकजुट रहा तो वह दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बन जाएगा।



शौर्य स्मारक में संबोधन किया

इसलिए अंग्रेजों ने भारत की 562 रियासतों को स्वतंत्र छोड़ने की योजना बनाई। इन रियासतों में हमारा भोपाल भी शामिल था। कई रियासतों के राजा-महाराजा अपनी सेना, संपत्ति और सत्ता के साथ स्वतंत्र राज्य बन सकते थे। हैदराबाद, जूनागढ़, भोपाल जैसी कई रियासतों ने भारत में शामिल होने से मना कर दिया था, कुछ रियासतें स्पष्टतः पाकिस्तान की ओर झुकाव दिखा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सरदार पटेल ने देश के गृह मंत्री के रूप में भारत की एकजुटता को बनाए रखने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के संचालन के लिए केंद्रीय सेवाओं का गठन किया।

## खबर संक्षेप

### फोर्ड की भारत में वापसी की तैयारी




**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाहन निर्माता कंपनी फोर्ड एक बार फिर भारत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रही है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह चेन्नई स्थित अपने पुराने प्लांट में फिर से मैन्युफैक्चरिंग शुरू करेगी। इसके लिए फोर्ड 3,250 करोड़ रुपए का नया निवेश करने जा रही है। तमिलनाडु सरकार के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

### जुबिन की फिल्म 'रोई रोई बिनाले' रिलीज



**नई दिल्ली।** जुबिन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' के रिलीज पर पूरा असम और देश के 46 शहरों में उत्सव का माहौल है। 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग के आकस्मिक निधन के बाद यह फिल्म उनके प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के लिए एक भावनात्मक श्रद्धांजलि बन गई है।

### पूरा परिवार निकला एचआईवी पॉजिटिव




**मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुजफ्फरनगर जिले में एक बच्चे सहित परिवार के तीन सदस्यों में एचआईवी पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। रक्तदान के बाद खून की जांच में परिवार के एक सदस्य के पॉजिटिव पाए जाने पर मामला सामने आया। पत्नी और तीन वर्षीय बेटा भी जांच में संक्रमित पाए गए। पॉजिटिव दंपती के नवजात बच्चे की मौत हो गई।

आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान क्रेन हवा में अटकी

## भड़के सांसद गणेश सिंह ने ऑपरेटर को थप्पड़ जड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

क्रेन में बैठे सतना सांसद गणेश सिंह को झटका लगा तो वे ऑपरेटर पर भड़क गए। उसे सबके सामने थप्पड़ मार दिया। मामला शुक्रवार को सरदार पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का है। इसका वीडियो भी सामने आया है। सांसद गणेश सिंह ने सुबह रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। इसके बाद वे सेमरिया चौक पहुंचे। यहां क्रेन के हाइड्रोलिक बॉक्स में चढ़कर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नीचे आते समय मशीन अचानक झटके से बीच में रुक गई।

■ मशीन हिली तो असंतुलन की स्थिति बनी



घटना का वीडियो सामने आया है

नर्मदा परिक्रमा के लिए निकली बस हादसे का शिकार

## एक महिला की गई जान 55 श्रद्धालु घायल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वानी

जिले में शुक्रवार सुबह नर्मदा परिक्रमा के लिए तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई और 55 अन्य घायल हो गए। इंदौर और धार जिलों के 56 यात्रियों को लेकर जा रही बस सुबह करीब आठ बजे जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर बैगुर गांव के पास पलट गई। बस तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस 29 अक्टूबर को इंदौर से रवाना हुई थी और बड़वानी पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने एक दिन बिताया और शुक्रवार सुबह अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना हुए।

■ क्रेन से फंसे यात्रियों को निकाला



फंसे लोगों का रेस्क्यू

बिहार चुनाव के लिए एनडीए का घोषणा पत्र जारी

घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया

## एक करोड़ नौकरियां और रोजगार देने का किया वादा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में फिर से सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की कोशिश में लगे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। एनडीए ने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया है।

संकल्प पत्र के अनुसार एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी और रोजगार प्रदान करेंगे, कौशल जनगणना कराके कौशल आधारित रोजगार देंगे। एनडीए ने बिहार के हर युवा को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया है। साथ ही महिला उद्यमियों को 2-2 लाख की सहायता राशि देने और बिहार में फिल्म सिटी बनाने का वादा किया गया है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के साथ-साथ उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहे।



सम्राट चौधरी, सीएम नीतीश कुमार और चिराग पासवान

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का मिला लाभ

एक साल का एक्सटेंशन संभव

## कैलाश मकवाना अब दिसंबर 2026 तक रहेंगे डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना अब एक दिसंबर 2026 को रिटायर होंगे। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के आधार पर गृह विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मकवाना का रिटायरमेंट 1 दिसंबर 2025 को है, लेकिन डीजीपी पद के लिए अवधि के चलते अब उनको एक साल का सेवाकाल अतिरिक्त मिल जाएगा। गृह विभाग के अपर सचिव आशीष भार्गव ने इसके आदेश जारी करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में 60 साल की उम्र पूरा करने वाले 17 आईपीएस इस साल रिटायर होने हैं, जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाना का नाम 16वें स्थान पर है। आदेश में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका सिविल क्रमांक 310/1996 में दिए गए आदेश के आधार पर कैलाश मकवाना 1 दिसंबर 2024 से डीजीपी पदस्थ किए गए हैं। इसके आदेश 23 नवंबर 2024 को जारी किए गए थे। चूंकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार डीजीपी का कार्यकाल 2 साल का होता है। इसलिए डीजीपी कैलाश मकवाना का 1 दिसंबर 2025 को होने वाला रिटायरमेंट खत्म किया गया है।

■ दिसंबर 2025 में होने वाले थे रिटायर



45 साल बाद : रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचे नौसेना प्रमुख और थल सेना प्रमुख, दोनों ही यहां के पूर्व छात्र

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल बोले-ऑपरेशन सिंदूर के दोनों हीरो रीवा में

## थल सेना प्रमुख द्विवेदी ने कहा कि दोबारा लौट कर आना गौरवशाली क्षण, यहीं मेरे जीवन की नींव रखी

### 36 सैनिक स्कूलों के 460 चयनित छात्रों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा के सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और थल सेना प्रमुख उपेंद्र कुमार द्विवेदी 45 साल बाद अपने स्कूल यानी रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने एक प्रतियोगी कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान दोनों सेना प्रमुख स्कूल के दिनों को याद करते हुए नजर आए। जनरल द्विवेदी और एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी साल 1973 से 1981 तक मध्यप्रदेश के सैनिक स्कूल रीवा में छात्र थे।



डिप्टी सीएम शुक्ल व दोनों सेना प्रमुख

### दोनों सेना प्रमुखों ने बढ़ाया हौसला, दिया गुरु मंत्र

थल सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि सैनिक स्कूल में दोबारा लौट कर आना मेरे लिए बहुत गौरवशाली क्षण है, जिसने मेरे पर्सनल और प्रोफेशनल जीवन की नींव रखी है। सुबह की फिजिकल ट्रेनिंग से लेकर कक्षाओं में पठन पाठन, खेल के मैदान में चुनौतियों लेकर, हॉस्टल में आपसी सहयोग तक हर उस कार्य ने मुझे एक सैनिक और ऐसे नागरिक के रूप में आकार दिया है, जो राष्ट्र सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो। यह मेरे लिए संतोष का विषय है कि सैनिक स्कूल रीवा ने हाल ही में यूपीएससी के परीक्षा परिणामों में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें 38 स्टूडेंट्स ने रिटन एग्जाम क्लियर किया है ।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

# डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

# 70वां स्थापना दिवस समारोह शुभारंभ



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मुख्य अतिथि

## किंजरापु राममोहन नायडू

केन्द्रीय मंत्री, नागर विमानन मंत्रालय

## अर्जुन राम मेघवाल

केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विधि एवं न्याय मंत्रालय

## कार्यक्रम

| 1 नवम्बर 2025 | 2 नवम्बर 2025 | 3 नवम्बर 2025 |
| --- | --- | --- |
| **ड्रोन शो** विरासत से विकास | **सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य** | **सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य** |
| **विश्ववन्द** भगवान श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा | **सुगम संगीत** सुप्रतिष्ठित कलाकार हंसराज रघुवंशी एवं साथी | **सुगम संगीत** सुप्रतिष्ठित कलाकार स्नेहा शंकर एवं साथी |
| **सुगम संगीत** सुप्रतिष्ठित कलाकार जुबिन नौटियाल एवं साथी | **जनजातीय लोकनृत्य** अपराह्न 3:00 बजे से | **जनजातीय लोकनृत्य** अपराह्न 3:00 बजे से |
| **आतिशबाजी** | | |

- शिल्प मेला
- संस्कृति, कला, सभ्यता और विकास पर आधारित प्रदर्शनियां
- देशज व्यंजन मेला 'स्वाद'

प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से । लाल परेड ग्राउंड, भोपाल

**मध्यप्रदेश की स्थापना के 70वें वर्ष पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**



"विकास की नई ऊंचाइयां छूते हुए जन-जन की खुशहाली हमारा संकल्प है।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



D-11130/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP



# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव

मानननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों से

लगभग ₹14,300 करोड़

की सड़क, ऊर्जा, उद्योग, आवास, ग्रामीण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का

**शिलान्यास / उद्घाटन / लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण और शुभ गृहप्रवेश**

01 नवंबर 2025

राज्योत्सव स्थल
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

### लोकार्पण



शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय
₹52 करोड़



छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन
₹325 करोड़

### गृह प्रवेश एवं किस्त जारी ₹1,200 करोड़

- PMAY-G के तहत बने 3.51 लाख आवासों का गृह प्रवेश एवं खुशियों की चाबी का वितरण
- 3 लाख लाभार्थियों को सहायता राशि की किस्त जारी

### शिलान्यास ₹7,459 करोड़

- जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव में नया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र
- नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क
- बिलासपुर के ग्राम कोनी और उसलापुर में कार्यरत महिला छात्रावास
- मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और गीदम(दंतेवाड़ा) में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन
- बिलासपुर में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भवन
- 3 राष्ट्रीय राजमार्ग-130D और पत्थलगांव-कुनकुरी-छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा तक चार लेन ग्रीनफील्डराजमार्ग के निर्माण एवं उन्नयन कार्य
- कांकेर में 220 के.वी और बलौदाबाज़ार-भाटापारा में 132 के.वी के विद्युत उपकेंद्र
- आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत आधारभूत संरचना का विकास कार्य

### उद्घाटन ₹3,250 करोड़

- मुंगेली में 400, राजिम (गरियाबंद) और पाटन (दुर्ग) में 220, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरिया में 132 के.वी. ईएचवी के कुल 7 उपकेंद्र
- बस्तर और सुकमा में 33 के.वी. उपकेंद्र
- 9 जिलों के 12 ब्लॉकों में स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ और ओडिशा खंड (489 किमी) नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन - (GAIL)
- नया पेट्रोलियम ऑयल डिपो (HPCL)
- अंतर-क्षेत्रीय ईआर-डब्ल्यूआर इंटरकनेक्शन ट्रांसमिशन परियोजना (पावरग्रिड)

### राष्ट्र को समर्पण ₹1,979 करोड़

- विभिन्न जिलों में नई 11 के.वी. और एल.टी. लाइन, ओवरलोडेड 11 के.वी. फीडर और ट्रांसफार्मर
- कंडक्टर को AB केबल में परिवर्तित करने के कार्य
- राष्ट्रीय राजमार्ग-130C मदांगमुड़ा-देवभोग-ओडिशा सीमा तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in









## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने घोषणा पत्र जारी किया

# बिहार के विकास का ब्लू प्रिंट जनता के सामने रखा, गरीबों को ध्यान में रख पंचामृत गारंटी की घोषणा की, सभी को साधने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपना घोषण पत्र जारी कर दिया है। पटना के एक बड़े होटल में एनडीए के सभी घटक दलों के प्रमुख नेता ने मिलकर 'संकल्प पत्र 2025' के नाम से घोषणा पत्र जारी किया। सीएम नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और सांसद उपेंद्र कुशवाहा, बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की मौजूदगी में जारी किए गए घोषणा पत्र को विकसित बिहार का ब्लू प्रिंट बताया गया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एनडीए की ओर से घोषणा पत्र के बारे में जानकारी दी।

### एनडीए के सभी सहयोगी दल रहे मौजूद , उपमुख्यमंत्री सम्राट ने दी जानकारी



एनडीए का मेनिफेस्टो जारी करते भाजपाध्यक्ष नड्डा और साथ में सभी सहयोगी दल मौजूद रहे।

#### पंचामृत गारंटी में ये मुद्दे किए शामिल

एनडीए ने अपने संकल्प पत्र में बिहार के गरीब वर्ग पर भी ध्यान दिया है। एनडीए ने गरीबों को ध्यान में रखते हुए पंचामृत गारंटी की घोषणा की है। एनडीए ने पंचामृत गारंटी के तहत पांच गारंटियां दी हैं, जो सिर्फ गरीबों के लिए लागू की जाएंगी। जिन 5 गारंटियों की एनडीए बात कर रही हैं उसमें मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुनिश्चित किए जाने की बात कही है।

### एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार देने का संकल्प

चौधरी ने कहा कि 5 साल में बिहार को एक औद्योगिक हब के रूप में डेवलप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने युवा, महिला, गरीब, दलित, अतिपिछड़ों पर फोकस किया। हम लोगों ने एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार देने का संकल्प लिया है। महिला रोजगार के लिए महिलाओं को 2लाख तक की सहायता राशि एनडीए सरकार देगी। एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम एनडीए सरकार करेगी।

#### अतिपिछड़ा समाज के कामगार वर्गों को 10 लाख रुपए की मदद

चौधरी ने कहा कि हमलोगों की सरकार बनी तो हमलोग मिशन करोड़पति भी शुरू करेंगे। महिलओं को करोड़पति बनाने की दिशा में काम करेंगे। अतिपिछड़ा समाज के कामगार वर्गों को 10 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। अभी केंद्र सरकार किसानों को छह हजार दे रही है। अब एनडीए सरकार बिहार के किसानों को 3 हजार रुपए देगी। हर साल अब किसानों को 9 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसे कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान का नाम दिया गया है।

### इंडी गठबंधन ने जमीनें हड़पी, चारा भी खाया



गड़हनी में रैली के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन इसलिए आया है जिससे वे गरीबों के राशन पर डकैती डाल सकें। गरीबों के राशन को तो उन्होंने खाया ही, पशुओं का चारा भी खा गए। ये नौकरी के नाम पर जमीन को हड़पने का काम किया। किसानों की भूमि पर कब्जा किया।

**अब यूपी में दंगा नहीं, सब चंगा**

सिवान के रघुनाथपुर में योगी ने कहा, बिहार के अंदर हर पेशेवर माफिया और अपराधी आरजेडी और कांग्रेस का शागिर्द है। अब यूपी में दंगा नहीं सब चंगा है।

**अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम का नारा गूंजेगा**

इस दौरान योगी ने अपनी रैली में कहा कि बिहार में अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम का नारा गूंजेगा।

### 3 साल के तेज प्रताप को दान में मिली 13 एकड़ जमीन

यह तेज प्रताप यादव की और बृज बिहारी सिंह की पत्नी रमा देवी की दान में मिली जमीन है। तेज प्रताप की उम्र उस समय महज तीन साल थी। रमा देवी भी



तब सिर्फ बृज बिहारी की पत्नी तक सीमित थी। तब सुशील मोदी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रमा देवी ने लालू के बेटे तेज प्रताप के नाम 13 एकड़ जमीन कर दी थी। एक दस्तावेज भी दिखाया गया। दस्तावेज में लिखा था कि तेज प्रताप को मुजफ्फरपुर के किशनगंज मौजा में स्थित दो भूखंड तोहफे के रूप में दिए जा रहे हैं। एक भूखंड का रकबा 9 एकड़ 24 डिसमिल है और दूसरे का 3 एकड़ 88 डिसमिल।

### मोंथा के कारण नहीं उड़ पाए नीतीश व तेजस्वी



पटना समेत अन्य स्थानों पर मोंथा का असर।

बिहार में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर जारी है। पिछले 24 घंटे से पटना समेत कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार को पूरे बिहार के अधिकांश जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 1

### एनडीए की 25 घोषणाएं

- एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी व रोजगार दिया जाएगा।
- हर जिले में मेगा स्किल सेंटर खोला जाएगा।
- बिहार स्पोर्ट्स सिटी व प्रखंडों में खेलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा।
- हर जिले में फैक्ट्री व 10 नए औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जाएगा।
- 100एमएसएमई पार्क व 50,000 से अधिक कुटीर उद्योग स्थापित किए जाएंगे।
- डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क स्थापित करेंगे
- महिला रोजगार योजना से महिलाओं को 2 लाख तक की सहायता राशि दी जाएगी।
- 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी।
- 'मिशन करोड़पति' के माध्यम से महिला उद्यमी करोड़पति बनेंगी।
- किसान सम्मान निधि 6,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।
- मत्स्य पालकों को 4,500 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।
- सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी दी जाएगी।
- एग्री-इन्फ्रास्ट्रक्चर में 9 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।
- हर अनुमंडल में एससी व एसटी के विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय बनाया जाएगा।
- उच्च शिक्षा संस्थान में अध्यनरत सभी एससी वर्ग के विद्यार्थियों को प्रति माह 2,000 रुपए दिया जाएगा।
- ईबीसी वर्ग की जातियों को 10 लाख की सहायता देंगे
- गरीब परिवारों के छात्रों को नर्सरी से पीजी तक मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी।
- स्कूलों में मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता दिया जाएगा।
- 50 लाख नए पक्के मकान, मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जारी रहेगा।
- 5,000 करोड़ रुपए से जिलों के प्रमुख स्कूलों का कायाकल्प करेंगे।
- 7 एक्सप्रेसवे व 3,600 किमी रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण होगा।
- विश्वस्तरीय मेडिकल सिटी और हर जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा।
- मां जानकी की जन्मस्थली को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी सीतापुरम के रूप में विकसित करेंगे।
- पटना, दरभंगा, पूर्णिया व भागलपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और 4 नए शहरों में मेट्रो का निर्माण होगा।
- बिहार को बाढ़ मुक्त बनाया जाएगा।

#### मोकामा कांड में अनंत के आरोपों पर सूरजभान बोले

### चुनाव आयोग जांच करवाए



मोकामा में दुलारचंद यादव हत्याकांड पर मोकामा विधानसभा से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी वीणा देवी के पति बाहुबली सूरजभान सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। इससे कारण सबसे बड़ी बदनामी चुनाव आयोग की हो रही है। मैं आयोग से आग्रह करता हूं कि इस मामले पर सेवानिवृत जज की निगरानी में जांच कमीशन बनाए।

**फिर बवाल, शव यात्रा में गोलीबारी और पत्थरबाजी की**

दुलारचंद की शव यात्रा के दौरान शुक्रवार को भारी बवाल हुआ और पत्थरबाजी और गोलीबारी की घटना हुई। यहां भारी संख्या में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नॉर्थ ईस्ट ऊर्जा-लक्ष्मी में बदल रहा :जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पीएम मोदी के दूरदर्शी



नेतृत्व में नॉर्थ ईस्ट को ऊर्जा-लक्ष्मी का स्वरूप बताया। जोशी ने एक्स पर बताया कि वे गुवाहाटी में रिन्यूएबल एनर्जी पर रीजनल वर्कशॉप में शामिल हुए और कार्यक्रम में अपना भाषण दिया।

### राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू

**जयपुर।** राजस्थान में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू हो गया है। शुक्रवार से धर्मांतरण से जुड़े



मामलों में नए कानून के तहत केस दर्ज किया जाएगा। गृह विभाग ने नए इसके लिए गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अब इस कानून के तहत अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन के लिए भी पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी।

### संजय राउत की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत की तबीयत खराब हो गई है। उन्होंने



सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी कि उनकी सेहत में गंभीर गिरावट आई है और फिलहाल इलाज जारी है। राउत ने लिखा, मेरा इलाज चल रहा है और मुझे पूरा भरोसा है कि मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगा।

### एआईसीडब्ल्यूए ने की मुंबई केस जांच की मांग

**मुंबई।** मुंबई के पॉवई इलाके में स्थित आरए स्टूडियो से हाल ही में सामने आया अपहरण कांड ने पूरे



फिल्म जगत को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने इंडस्ट्री की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से तत्काल उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन- 2025 में पीएम मोदी ने कहा

# आर्य समाज को वो सम्मान नहीं दिया गया जो मिलना था...यह प्रबल राष्ट्रभक्त संस्था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन- 2025' में भाग लिया। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती की 150वीं जयंती पर आर्य समाज के योगदान और उनके विचारों को नमन करते हुए कहा कि आर्य समाज ने पिछले डेढ़ सौ वर्षों से राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष हो रहे हैं, तो समाज और देश सरस्वती जी के महान विचारों को इस विराट स्वरूप में नमन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज अपनी स्थापना से लेकर आज तक एक प्रबल राष्ट्रभक्त संस्था रही है, जिसने सदैव भारतीयता की भावना को जीवित रखा है। आर्य समाज ने विदेशी विचारधाराओं, विभाजनकारी मानसिकता और सांस्कृतिक प्रदूषण के हर दुष्प्रयास को खुलकर चुनौती दी है। लेकिन, उन्हें पिछली सरकारों ने वह सम्मान नहीं दिया, जिसका वह हकदार था।

> मोदी ने स्वामी की 150वीं जयंती पर आर्य समाज के योगदान और उनके विचारों को नमन करते हुए कहा कि आर्य समाज ने डेढ़ सौ वर्षों से राष्ट्रभक्ति, संस्कृति और सामाजिक सुधार में सराहनीय कार्य किए।

#### स्वामी दयानंद सरस्वती की 150वीं जयंती पर किया नमन

**सभी कुरीतियों को चुनौती दी**

भारतीयता की भावना को जगाया

### स्वामी दयानंद को एक 'युगदृष्टा महापुरुष' बताया



कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी।

पीएम मोदी ने स्वामी दयानंद को एक 'युगद्रष्टा महापुरुष' बताते हुए कहा कि स्वामी दयानंद ने समाज में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण माना। उन्होंने उस सोच को चुनौती दी, जिसने नारी को घर की चौखट तक सीमित कर रखा था। स्वामी दयानंद ने महिलाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए आर्य समाज के विद्यालयों में बेटियों के लिए शिक्षा की शुरुआत की। जालंधर में आरंभ हुआ कन्या विद्यालय आगे चलकर कन्या महाविद्यालय बन गया और ऐसे ही संस्थानों में पढ़ी लाखों बेटियां आज राष्ट्र की नींव को मजबूत कर रही हैं।

**ध्वस्त होती गुरुकुल परंपरा को बचाया**

उन्होंने कहा कि आर्य समाज के जिन कार्यों का ऋण देश पर है, उनमें एक महान कार्य देश की गुरुकुल परंपरा को जीवित रखना भी है। एक समय गुरुकुलों की ताकत से ही भारत ज्ञान-विज्ञान के शिखर पर था। गुलामी के दौर में इस व्यवस्था पर जान-बूझकर प्रहार किए गए। इससे हमारे संस्कार नष्ट हुए, नई पीढ़ी कमजोर हुई। आर्य समाज ने आगे आकर ध्वस्त होती गुरुकुल परंपरा को बचाया।

#### यह पूरे भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा

आर्य समाज की स्थापना केवल समाज के एक हिस्से या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है। यह पूरे भारत की वैदिक पहचान से जुड़ा है। गंगा के प्रवाह की तरह खुद को हर परिस्थिति में ढालने की महान परंपरा से जुड़ा है।इसने समाज सुधार की महान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया। लाला लाजपत राय जैसे क्रांतिकारियों ने आर्य समाज से प्रेरणा लेकर आजादी की लड़ाई लड़ी। आजादी की लड़ाई में आर्य समाज की भूमिका को सम्मान नहीं मिला, जिसका वह हकदार था।

#### आनंद सरस्वती जी भी इसी विराट परंपरा के महर्षि रहे

150 वर्ष हो रहे हैं तो समाज और देश स्वामी दयानंद के महान विचारों को इस विराट स्वरूप में नमन कर रहा है, क्योंकि स्वामी दयानंद ने आर्य समाज के जरिए इतिहास की धारा को एक नई दिशा दी। आज शिक्षा में उन सब की ऊर्जा और आशीर्वाद भी शामिल है। हमारे समक्ष किसी भी कारणवश जब नई चुनौतियां आती हैं, समय नए सवाल पूछता है तो कोई न कोई महान विभूति उनके उत्तर लेकर अवतरित हो जाती है। हमारे समाज को नई दिशा दिखाई आनंद सरस्वती जी भी इसी विराट परंपरा के महर्षि थे।

#### आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं की प्रगति के उदाहरण देते हुए कहा कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले ही हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल फाइटर प्लेन में उड़ान भरी। इसमें उनकी साथी बनीं, स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह। आज हमारी बेटियां फाइटर जेट उड़ा रही हैं और ड्रोन दीदी बनकर आधुनिक कृषि को भी बढ़ावा दे रही हैं।

#### स्वामी दयानंद ने इतिहास की धारा को नई दिशा दी

रोहिणी स्थित जापानी पार्क में आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ और महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच पर पहुंचने पर लोगों ने जोश और उत्साह के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रोहिणी हेलीपोर्ट पहुंचने पर पीएम मोदी का स्वागत किया। चार दिवसीय इस कार्यक्रम में कई देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।महासम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे एक बार फिर आर्य समाज के आयोजन में पहुंचने का अवसर मिला। मैं स्वामी दयानंद सरस्वती को प्रणाम करता हूं। उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं।

#### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले

# मेरी व्यक्तिगत राय में आरएसएस पर लगे बैन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत राय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर कानून-व्यवस्था की समस्याएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस की वजह से पैदा हो रही हैं।खरगे ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कांग्रेस पर किए गए हमलों पर पलटवार किया। उन्होंने सरदार पटेल के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या (1948) के बाद आरएसएस की आलोचना की थी।

#### देश की एकता में 'आयरन मैन' 'आयरन लेडी' का बड़ा योगदान

खरगे ने कहा कि यह मेरी निजी राय है, इसे किया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर मुद्दे और कानून-व्यवस्था की दिक्कतें भाजपा-आरएसएस से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश 'लौह पुरुष' सरदार पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मना रहा है। ये दोनों महान नेता एक 'आयरन मैन' और एक 'आयरन लेडी' देश की एकता बनाए रखने में बड़ा योगदान देने वाले थे।

#### मुखर्जी को सरदार पटेल के पत्र का किया जिक्र

खरगे ने एक पत्र का भी जिक्र किया जो सरदार पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लिखा था, जिसमें उस समय के गृह मंत्री पटेल ने कहा था कि आरएसएस ने ऐसा माहौल बनाया, जिससे महात्मा गांधी की हत्या जैसी त्रासदी संभव हो सकी।

#### भाजपा प्रवक्ता पूनावाला का पलटवार

### कांग्रेस ने सरदार पटेल की अनदेखी की, वह सदैव दंगाइयों के साथ खड़ी

खरगे के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर 50 से ज्यादा सालों तक सरदार पटेल की अनदेखी करने और उनके योगदान को कम



करके आंकने का आरोप लगाया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस कभी पटेल के पदचिन्हों पर नहीं चली और अब आरएसएस का विरोध करने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नहीं है। इसका मतलब भारतीय नाजी कांग्रेस है। उनकी तमाम साजिशों के बावजूद कोर्ट ने आरएसएस पर से प्रतिबंध हटा दिया। आरएसएस एक गैर-राजनीतिक संगठन है और सरकारी कर्मचारी उनकी गतिविधियों में भाग ले सकते हैं।

#### ईसीआई 12 राज्यों में करेगा 'एसआईआर'

## ऐलान के बाद बंगाल के मतुआ समुदाय में डर का माहौल बढ़ा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण



कराने का ऐलान किया है। इस एलान के साथ ही पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय में डर, नाराजगी और चिंता का माहौल है। मतुआ समुदाय को एसआईआर के तहत बड़े पैमाने पर वोट देने का अधिकार छिन जाने का डर सता रहा है।

#### राज्य की 40 विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव

मतुआ समुदाय एक हिंदू शरणार्थी समुदाय है और लोग उत्तर 24 परगना, नादिया और दक्षिण 24 परगना के कुछ हिस्सों में रहते हैं और बंगाल की 40 से ज्यादा विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव है।आयोग ने साल 2002 के बाद पहली बार फर्जी, मृत और अयोग्य वोटरों को हटाने के लिए एसआईआर कराने का फैसला किया है।

#### पंचकूला में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# अल्केमिस्ट, ओजस हॉस्पिटल के 127 करोड़ के शेयर अटैच

### बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का मामला

एजेंसी ▶▶ पंचकूला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 127.3 करोड़ रुपए के शेयर अटैच किए हैं। ईडी के दिल्ली जोनल ऑफिस ने करण दीप सिंह के दो अस्पतालों पर कार्रवाई की है। ये दोनों अस्पताल पंचकूला में हैं। ईडी ने अल्केमिस्ट हॉस्पिटल और ओजस हॉस्पिटल के 127.3 करोड़ के शेयरों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गुरुवार को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्की मेसर्स अल्केमिस्ट ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और इससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ धन शोधन की जांच चल रही है। यह जांच बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग से जुड़ी है।

#### कोलकाता पुलिस की एफआईआर पर की कार्रवाई



शुरुआत में कोलकाता पुलिस ने और बाद में सीबीआई और एसीबी लखनऊ ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। मेसर्स अल्केमिस्ट टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अल्केमिस्ट इंफ्रा रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी और 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। इस मामले में कंवर दीप सिंह और अलकेमिस्ट समूह के अन्य प्रमोटर/निदेशक आरोपी थे।

**मामला धोखाधड़ी से जुड़ा**

यह मामला धोखाधड़ीपूर्ण सामूहिक निवेश योजनाओं के जरिए अवैध रूप से धन जुटाकर, उच्च रिटर्न की पेशकश करके, और/या प्लॉट, फ्लैट और विला आवंटित करने के झूठे वादे करके निवेशकों को धोखा देने की आपराधिक साजिश से संबंधित है। इन भ्रामक निवेश योजनाओं से गड़बड़ किया।

### चेन्नई ईडी कार्यलय को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**चेन्नई।** चेन्नई स्थित शास्त्री भवन में ईडी के ऑफिस को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-



मेल के माध्यम से दी गई। इसमें दावा किया गया कि सरकार के मंत्री केएन नेहरू केस को लेकर यह धमकी दी जा रही है। नेहरू की कंपनी की ईडी मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही थी। जांच के दौरान ईडी को तमिलनाडु के कैश फॉर जॉब घोटाले के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद ईडी ने 232 पेज का पत्र लिखकर पुलिस से मामले की जांच करने के लिए कहा था।

## मामले पर अगली सुनवाई होगी 16 दिसंबर को

# हिस्ट्रीशीटर रज्जाक की विधायक संजय पाठक को पक्षकार बनाने की मांग मंजूर

जबलपुर।

**हाईकोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के उस आवेदन को स्वीकार कर लिया जिसमें विधायक संजय पाठक को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। गत 29 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने अब्दुल रज्जाक से पूछा था कि जिस विधायक व खनन कारोबारी पर वे आरोप लगा रहे हैं, उन्हें नामजद पक्षकार क्यों नहीं बना रहे।**



मामले पर शुक्रवार को रज्जाक की ओर से आवेदन प्रस्तुत कर विधायक संजय पाठक को पक्षकार बनाने की अनुमति मांगी गई। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की खंडपीठ ने आवेदन स्वीकार करते हुए विधायक को पक्षकार बनाने की अनुमति देते हुए उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूछा था कि जब अब्दुल रज्जाक अगस्त 2021 से लगातार जेल में बंद था, तो उसी दौरान उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आपराधिक प्रकरण कैसे दर्ज कर लिए गए।

अब्दुल रज्जाक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली, शारिक अकील फारुकी व अमित रायजादा ने बताया कि विधायक के दबाव में सरकार द्वारा उनके मुवक्किल को लगातार परेशान किया जा रहा है। दलील दी गई कि रज्जाक के खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है।

## शोभापुर तिराहा हनुमान मंदिर में चोरी के प्रकरण में ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश

मप्र हाईकोर्ट ने न्यू शोभापुर तिराहा पर स्थित बाल स्वरूप हनुमान मंदिर में चोरी के प्रकरण में ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए। जस्टिस रामकुमार चौबे की एकलपीठ ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर व एसएचओ रांझी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।जबलपुर के न्यू शोभापुर में रहने वाले लता कुशवाहा, किरण तिवारी, सरिता नारायण यादव व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की है। आरोप लगाया गया कि अधीनस्थ अदालत में थाना प्रभारी रांझी ने मनगढंगत कहानी बताई है। स्थानीय निवासियों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिए थे, इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की गलत रिपोर्ट के कारण ट्रायल कोर्ट ने परिवाद निरस्त कर दिया था। इसलिए हाईकोर्ट में अपील की गई है। अपील के साथ याचिकाकर्ताओं ने सीसीटीवी फुटेज भी प्रस्तुत किए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विद्याशंकर मिश्रा, राघवेंद्र झा, अनिकेश मिश्रा व नवीन विश्वकर्मा ने पैरवी की।

## अधिवक्ताओं की प्रगति का मूल आधार अनुशासन - जस्टिस विशाल धगट ने किया प्रेरित

### हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार का आयोजन

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट ने कहा कि अधिवक्ताओ की प्रगति का मूल आधार अनुशासन है। इसलिए कनिष्ठ अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ताओं के आचरण से शिक्षा लेते रहना चाहिए। विधि क्षेत्र में उन्नति की अपार संभावनाएं हैं। समय आने पर परिश्रम का प्रतिफल अवश्य मिलता है। वे हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित विधि व्याख्यान माला में बोल रहे थे। इस दौरान हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव निखिल तिवारी, अतिरिक्त महाधिवक्ता जाह्नवी पंडित, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य अधिकारी मंचासीन थे। संचालन सचिव निखिल तिवारी ने किया। न्यायमूर्ति धगट ने व्याख्यान को गति देते हुए वैवाहिक विवाद और पारिवारिक प्रकरणों की पैरवी के सिलसिले में अहम सूत्र रेखांकित किए। उन्होंने बताया कि संबंधित विधि का सावधानी से अध्ययन करके पक्षकार को न्याय दिलाया जा सकता है। इस दौरान काफी संख्या में श्रोता अधिवक्ता उपस्थित थे। यह विधि व्याख्यान मामला का दूसरा सोपान था। इससे पूर्व भी विधि विषयक बेहतर जानकारी मिल चुकी है। भविष्य में प्रकल्प इसी तरह गतिमान रहेगा।

# 7 लाख नगद और लाखों के जेवर ले भागे चोर

जबलपुर।

**गोसलपुर व रांझी में दो सूने मकानों के ताले टूटे**

गोसलपुर और रांझी थाना क्षेत्र में दो सूने घरों के ताले तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गए है।

गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैथरा निवासी हरदास पटेल गत रात लगभग 12 बजे निस्तार करने के लिए उठे और उसके बाद बिस्तर पर जाकर सो गए थे। रात लगभग 2.30 बजे खटखट की आवाज सुनकर हरदास पटेल की नींद खुली और दरवाजा खोले तो अंदर से चटकनी लगी थी। हरदास चोर चोर चिल्लाते हुए छत पर गए उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति छत की तरफ भागा और कूदकर भाग गया। हरदास पटेल ने सिहोरा निवासी अपने बेटे अवधेश पटेल को फोन पर सूचना दी, सूचना पाकर वह रात मे अपने घर आया और अंदर जाकर कमरे में देखा तो कमरे में रखी आलमारी का लॉक टूटा था। अलमारी में रखा सोने का झाला, 2 माला, अंगूठी, पंचाली, टाप्स, 2 हार, 1 लोंग, कुल सोने के जेवर लगभग साढे चौदह तोला, चांदी के 1 किलो वजनी छल्ला कड्डोरा, 1 जोड़ी पायल 15 तोला, 1 जोड़ी पायल 6 तोला, 6 चूड़ी तथा नगदी 7 लाख रूपये अज्ञात चोरी चोरी कर ले गए। इसी तरह रांझी में सांई मंदिर के पास बजरंग नगर निवासी 50 वर्षीय श्रीमति मंगला कुरील गत 22 अक्टूबर को घर पर ताला लगाकर परिवार सहित वैष्णोदेवी दर्शन करने जम्मू कश्मीर गई थी। तीन दिन बाद सुबह लगभग 10 बजे चचेरी बहन भारती कुरील ने फोन पर चोरी की सूचना दी। उसने अपने देवर सोनू कुरील और सास शकुन्तला को सूचना दी जो उसके घर पर रुके थे। गत दिवस वह अपने घर पहुंची तो देखी तो आलमारी में रखे कोट की जेब में चांदी की पायल, नगदी 26 हजार रूपये और लेपटॉप अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## मारुति वैन से हो रही थी अवैध शराब तस्करी

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर में अब शराब की तस्करी को रोकने के लिए आबकारी विभाग द्वारा विशेष दल का गठन किया गया है, दल द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम में बेलखेड़ा पहुंची आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लावारिस खड़ी मारुति वैन से 10 पेटी देसी मदिरा को जप्त किया।

उप निरीक्षक रवि शंकर मरावी ने बताया कि मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु जबलपुर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा परिवहन की सूचना पर थाना बेलखेड़ा के अंतर्गत ग्राम बरमान में रोड किनारे अज्ञात खड़ी एक सिल्वर कलर की मारुति सुजुकी ओमनी वेन गाड़ी नम्बर mp 20 B A 1282 की तलाशी लेने 02 पेटी देशी मदिरा प्लेन के पाव (180 ml ) एवं 08 पेटी देशी मदिरा मसाला के पाव (180 ml ) कुल 500 पाव



90.0 ब. ली. देशी मदिरा बरामद कर ,म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)क,34 (2 ) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक रवि शंकर मरावी आबकारी आरक्षक हनुमान बर्मन, मुकेश पटेल एवं कविता किरार उपस्थित रहें।

# स्कूल बस का पहिया निकलकर 100 मीटर दूर जा गिरा

## बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़, आरटीओ पर उठे सवाल



**जबलपुर।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र रानीताल में शुक्रवार की सुबह एक गंभीर हादसा टल गया। लिटिल किंगडम स्कूल की एक बस का पिछला चक्का अचानक निकलकर 100 मीटर दूर जा गिरा। बस में 20 से अधिक बच्चे व शिक्षक सवार थे। यह सौभाग्य था कि कोई हताहत नहीं हुआ और बड़ी घटना टल गई, लेकिन इस घटना में गम्भीर चूक और स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। दरअसल घटना दुर्घटना के बाद प्रशासन एक्शन में आता है। बाद में सबकुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह घटना बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन और स्कूल प्रबंधन की भारी लापरवाही को उजागर करती है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने इस घटना पर जबलपुर कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) को लिखित शिकायत देते हुए मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यादव ने याद दिलाया कि कुछ दिन पूर्व भोपाल में सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की बस का पहिया चलते समय निकल कर कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे, लेकिन उस हादसे के बाद प्रशासन सोया रहा। यह उदासीनता हादसों को बढ़ावा दे रही है, जिसे जबलपुर में दोहराया नहीं जाना चाहिए।एनएसयूआई ने प्रशाशन से मांग की है कि जबलपुर जिले के सभी स्कूल और कॉलेज बसों की तकनीकी जांच तत्काल कराई जाए। जिन बसों को फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिला या जिन्हें अनफिट पाया गया, उनका परमिट निरस्त किया जाए। दोषी स्कूल प्रशासन, बस संचालक और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। सार्वजनिक निगरानी अभियान चलाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### बस में सवार थे बच्चे और चालक दल

घटना के समय बस में चालक दल के साथ कई बच्चे सवार थे। अचानक पहिया निकलने के कारण बस का एक्सल सड़क पर घिसटने लगा और चिंगारियां उठने लगीं। सड़क पर मौजूद दो पहिया और चार पहिया वाहन बस से बमुश्किल टल पाए।

### स्कूल प्रबंधन की लापरवाही

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, समय पर रख-रखाव न होने के कारण पहिया निकला। सूत्रों का कहना है कि क्षमता से अधिक बच्चे बस में सवार होने के कारण भी यह हादसा होने का खतरा बढ़ गया।

### आरटीओ और यातायात विभाग को जानकारी नहीं

आरटीओ रघुवंशी ने कहा कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, रूटीन निरीक्षण में सभी स्कूल बसों की जांच की जाती है। घटना के बावजूद, बस दोपहर 2 बजे तक वहीं खड़ी रही, लेकिन न यातायात विभाग और न ही परिवहन विभाग को इसकी जानकारी लगी।

### फायर सेफ्टी का अभाव

पहिया निकलने के दौरान सड़क पर चिंगारियों से आग लगने का खतरा था। लेकिन बस में कोई फायर सेफ्टी का इंतजाम नहीं था।

### अनुभवी ड्राइवर की सूझबूझ

बस के चालक ने स्थिति को तुरंत संभाला और बस को तीन पहियों पर नियंत्रण में रखा। यदि बस नियंत्रण से बाहर होती तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी और आस-पास के वाहन भी हादसे में फंस सकते थे।

# निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया सघन निरीक्षण, ठेकेदारों को दी सख्त हिदायत



**इन्द्रा मार्केट व सिविल लाइन में अतिक्रमण और साफ-सफाई के निर्देश**

**जबलपुर।** नगर निगम के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को कचरा गाड़ियों की मरम्मत और डेंटिंग-पेंटिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान तीनपत्ती, नौदरा ब्रिज, क्राइश्चर्च स्कूल रोड, तैयबअली, कलेक्टेड, हाईकोर्ट, मालगोदाम चौक, इन्द्रा मार्केट और सिविल लाइन के पचपेढ़ी क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सभी ठेकेदारों को कहा कि शहर संस्कारधानी और माँ नर्मदा की नगरी है, इसे साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

इन्द्रा मार्केट में दुकानदारों को व्यापार सीमाओं में रहने और कॉरिडोर को पार्किंग के लिए खाली रखने की चेतावनी दी गई। वहीं, सिविल लाइन के पचपेढ़ी क्षेत्र में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने, पेड़ों की छटाई करने और दीवारों पर स्वच्छता संदेश वाली पेंटिंग कराने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने साफ-सफाई में लगे कर्मचारियों को कचरा गाड़ियों की मरम्मत व पेंटिंग में तेजी लाने, डस्टबिन रखने और यातायात बाधित न करने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री वर्कशॉप प्रभारी जी.एस. मरावी, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## मंडल परिक्षेत्र के सांसदों के साथ पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने की बैठक

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल परिक्षेत्र के माननीय सांसदगणों के साथ शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 को भोपाल में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद राजगढ़ श्री रोडमल नागर ने की, जबकि पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने सभी सांसदगणों का स्वागत करते हुए रेल विकास से जुड़ी उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री द्वारा 22 मई 2025 को पश्चिम मध्य रेलवे के 6 स्टेशनों का लोकार्पण किया गया, जिनमें नर्मदापुरम और शाजापुर शामिल हैं। भोपाल मंडल के 17 स्टेशनों सहित 53 स्टेशनों को 3940 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। साथ ही इटारसी–भोपाल–बीना चौथी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है और कई रेलखंडों में 'कवच 4.0 प्रणाली' लगाने का कार्य जारी है।बैठक में सांसदों ने विभिन्न ट्रेनों के ठहराव, नई रेल लाइनों के निर्माण, सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं में सुधार से संबंधित सुझाव दिए। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री मनीष कुमार पटेल ने किया तथा वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## समितियों को कार्य करने दें या संपूर्ण कार्यकारिणी भंग कर दें

### स्टेट बार के वाइस चेयरमैन ने चेयरमैन को लिखा पत्र

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने चेयरमैन राधेलाल गुप्ता को एक पत्र लिखा है। इसके जरिए विभिन्न समितियों को कार्य करने देने की मांग की है। कहा कि यदि ऐसा नहीं किया जाता, तो फिर संपूर्ण कार्यकारिणी भंग कर दी जाए। क्योंकि बार काउंसिल आफ इंडिया ने स्टेट बार की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया है। लिहाजा, मौखिक आदेश जारी कर समितियों के कार्य में अडंगा अनुचित है।

नवीन अधिवक्ताओं के नामांकन सहित अन्य कार्य अधिवक्तागणों के हितार्थ हैं, जिनका होना आवश्यक है। विगत पांच वर्ष से स्टेट बार की विभिन्न समितियां आधिकारिक रूप से अपना कार्य कर रही हैं। किसी तरह की कोई शिकायत सामने नहीं आई। इसलिए प्रत्येक समिति को कार्य के लिए स्वतंत्र किया जाना चाहिए। अधिवक्ता कल्याण का यही तकाजा है।

## संस्कारधानी से लेकर विश्व के मंच तक महापौर लहरा रहे परचम

# दुबई में आयोजित इंटरनेशनल मेयर कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर शहर लौटे महापौर

जबलपुर।

**एक सुंदर, स्वच्छ, विकसित और सुरक्षित जबलपुर के संकल्प को लेकर दुबई में आयोजित विश्व स्तरीय मंच तक पहुंचे महापौर श्री अन्नू**

दुबई में विश्व स्तरीय आयोजित मेयर कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर तथा संस्कारधानी का परचम फहराकर महापौर श्री अन्नू संस्कारधानी लौट आए हैं। इस अवसर पर महापौर श्री अन्नू ने बताया कि शहर के देवतुल्य नागरिकों, देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के साथ-साथ हमारे सभी सम्माननीय वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं स्वरूप विश्व स्तरीय मंच दुबई में संस्कारधानी का प्रतिनिधित्व करने को मौका मिला। महापौर ने विश्व के मंच पर एक स्वच्छ, सुंदर, विकसित और सुरक्षित जबलपुर के संकल्प को लेकर पहुंचे इसके लिए





उन्होंने जबलपुर संस्कारधानी के नागरिकों को श्रेय देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि देवतुल्य नागरिकों के आशीर्वाद और शीर्ष नेतृत्व के आशीर्वाद से यह ऐतिहासिक मुकाम राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया है इसके लिए सदैव देवतुल्य नागरिकों का हृदय से आभारी रहेंगे।

## हाईकोर्ट ने जारी किए निर्देश

# दमोह में पैर धुलवाने की खबर प्रकाशित करने वाले मीडिया हाउस को जारी करें फ्रेश नोटिस

**जबलपुर।** दमोह जिले के सतरिया में मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर पीने को मजबूर करने के मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने खबर प्रकाशित करने वाले मीडिया हाउस को फ्रेश नोटिस जारी करने के आदेश जारी किए हैं। हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।



दरअसल, दमोह जिले के ग्राम सतरिया स्थित मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर गंदा पानी पीने को मजबूर किए जाने की घटना पर संज्ञान लेते हुए मामले की मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के आदेश दिए थे। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने अनूज उर्फ अन्नू पांडे की तरफ से याचिका में हस्ताक्षेपकर्ता बनने तथा हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश पर पुनर्विचार करने का आवेदन पेश किया। आवेदन में कहा गया था कि पीड़ति व्यक्ति ने पहले आवेदनकर्ता की फोटो में एआई की मदद से जूतों की माला पहनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल की थी। संज्ञान याचिका पंजीकृत होने के पूर्व ही आवेदककर्ता सहित अन्य लोगों पर एनएसए की कार्यवाही की गई। हाई कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट में आर्डर अपलोड होने के पूर्व ही तथ्यों का बिना परीक्षण करें आवेदनकर्ता सहित अन्य के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही की गई है। हाई कोर्ट ने पूर्व में पारित आदेश पर पुनर्विचार करने से इंकार करते हुए आवेदन को निरस्त कर दिया। इंटरवीनर बनने का आवेदन को स्वीकार करते हुए एनएसए की कार्यवाही के तथ्यों के संबंध में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक दमोह को हलफनामा के साथ जानकारी पेश करने निर्देश जारी किए थे। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के की तरफ से पेश हलफनामे में बताया गया था कि हाई कोर्ट के आदेश पर एनएसए के तहत कार्यवाही की गई है। युगलपीठ नेन संबंधित खबर प्रकाशित करने वाले मीडिया हाउस को नोटिस जारी करते हुए घटना के संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए थे। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि संबंधित मीडिया हाउस को नोटिस जारी नहीं किए गए तो रजिस्ट्री उन्हें फ्रेश नोटिस जारी करे।

## हत्यारे को आजीवन कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** जिला अदालत ने लाठी ने हमला कर हत्या करने के आरोपी जबलपुर निवासी धर्मेंद्र का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दो हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 30 सितंबर, 2023 को शाम चार बजे पाटन के ग्राम रमपुरा में डाल सिंह अपने पुत्र योगेन्द्र, शिवम व भतीजे देवेन्द्र के साथ खेत में नलकूप में मोटर डालने का कार्य कर रहे थे। उनके खेत से लगे हुए खेत में आरोपित धर्मेन्द्र कुछ काम कर रहा था और अपने खेत का कचरा डाल सिंह के खेत में फेंक रहा था। डाल सिंह के विरोध करने पर आरोपित धर्मेन्द्र ने गालीगलौज करते हुए लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर डाल सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसे उसके पुत्र पाटन अस्पताल ले गये, जहां से उसे मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार दौरान एक सप्ताह बाद सात अक्टूबर को डाल सिंह की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया था।

### जयंती पर हुए रन फॉर यूनिटी सहित अनेक कार्यक्रम

# सरदार पटेल के संकल्प एवं दृढ़ता से बना भारत



**सिहोरा।** भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई गई इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर थाना सिहोरा द्वारा रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें थाना सिहोरा से पुराना बस स्टैंड,गौरी तिराहा,कुर्रे रोड तक दौड़ का आयोजन किया गया इसमें शामिल सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा उपाध्याय थाना प्रभारी विपिन सिंह सहित समस्त स्टाफ के अलावा अनेक गणमान्य नागरिक स्कुल के बच्चे,नगर एंव ग्राम रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### एसएस कॉलेज में भी हुआ आयोजन

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सरदार पटेल की जयंती पर स्टैचू ऑफ यूनिटी का वीडियो शो विद्यार्थियों को दिखाया गया एवं उसके उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। इतिहास विभाग की शिक्षिका कुमारी अंशिका रावत द्वारा सरदार पटेल के जीवन एवं दर्शन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। विदित हो यह दिन राष्ट्र की संप्रभुता,शांति और अखंडता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है। इस अवसर पर इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ एस के मेहरोलिया एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

### ग्रामीण क्षेत्र में भी हुए विविध आयोजन

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जयंती पर पचपेड़ी तिराहा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल महामंत्री संदीप राही और सरपंच दीपक साहू ने जन समूह के बीच सरदार पटेल द्वारा अखंड भारत के लिए सर्वोच्च योगदान और उनके विचारों को सभी के समक्ष रखा। परामर्शदाता नीरज दुबे,मनीष अवस्थी,शिक्षक जय यादव के निर्देशन में धनवंतरी विद्यालय से एकता रैली निकाली गई इस दौरान अध्यक्ष सनिल यादव द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया गया।

## करीब बीस लाख से ऊपर की चोरी

# सोने चांदी के जेवर चोरी कर छत से कूद गया चोर

**सिहोरा।** घर पर लोगों के रहने के बाद भी चोरी हो गई सबसे बड़ी बात तो यह है घरवालों को जब चोरों की भनक लगी तो आवाज लगाई उसी दौरान चोर घर की छत से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये लेकर कूद गए।

### यह है मामला

मामला थाना गोसलपुर का है पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिनांक 31 अक्टूबर अवधेश पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी कैथरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं किसानी करता हूं है दिनांक 30 अक्टूबर की रात मेरे पिता जी हरदास पटेल घर मे सो रहे थे रात लगभग 12 बजे निस्तार करने के बाद फिर से बिस्तर पर जाकर सो गये थे रात लगभग 2-30 बजे अचानक खटखट की आवाज कमरे से आयी तो पिता जी की नींद खुली तो उन्होंने अंदर का दरवााज खोला तो अंदर से चटकनी लगी थी पिताजी चोर चोर चिल्लाते हुये छत पर गये उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें छत की तरफ भागते दिखा और कूदकर भाग गया फिर पिताजी ने फोन कर मुझे बताया में उस समय सिहोरा वाले घर में था तुरंत रात में ही अपने घर आया अंदर जाकर कमरे में देखा कमरे में रखी आलमारी का ताला टूटा था सामान फैला था पेटी उठाकर पटोहा के उपर ले जाकर लाक तोड़कर सामान फैलाये चैक करने पर सोने का झाला 2 माला,अंगूठी,पंचाली,टाप्स 2 हार,1 लोंग कुल



सोने के जेवर लगभग साढे चौदह तोला,चांदी के 1 किलो वजनी छल्ला कड्डोरा,1 जोड़ी पायल 15 तोला,1 जोड़ी पायल 6 तोला,6 चूड़ी तथा नगदी 7 लाख रूपये आलमारी एवं पेटी मे रखे थे कोई अज्ञात चोर रात में घर में घुसकर आलमारी एवं पेटी का ताला तोड़कर जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है। लगभग बीस लाख से ऊपर की चोरी की जानकारी मिली है वहीं रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 505/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### कांग्रेस ने मनाया इंदिरा गांधी का बलिदान दिवस

**सिहोरा।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस तथा भारत के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सिहोरा के संयोजन में फॉरेस्ट नाका खितौला के सामने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर विचार व्यक्त किए इस अवसर पर बिहारी पटेल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौबे पार्षद एंव प्रदेश सचिव,बाबा कुरैशी,राजेश पटेल,अमोल चौरसिया, रमेश पटेल पार्षद,आलोक पांडे,गणेश दाहिया, लाल बहादुर पाठक,पवन सोनी,डब्बू पाठक, दिलीप जैन,के.के.कुररिया,रमा चौरसिया,जितेंद्र तिवारी,मनीष शुक्ला,गिरधर सरावगी,शमशेर खान, जमीला बानो,उमाकांत चौरसिया,सुखदेव नामदेव, पंकज पटेल,अंकित पटेल,ओम नारायण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### मौसम की मार से फसलें जमीन में बिछीं : खेतों मे घुटनों तक पानी भरा

# बेमौसम बरसात बनी आफत सड़ने की कगार पर धान की फसल

**सिहोरा।** आसमान से बरस रही आफत ने खेतों मे पककर तैयार खड़ी धान की फसल को पुरी तरह बर्बाद कर दिया लगातार मौसम की मार से फसलें जमीन मे बिछ गयीं है खेतों मे घुटनों तक पानी भर गया है जिससे धान के अंकुरण होने की नौबत आ गई है आसमान मे छाया बादलों डेरा- वर्तमान स्थिति देखकर किसान चिंतित है क्योकि मौसम के साफ होने के संकेत फिलहाल नही दिख रहे हैं। फनवानी, पड़रिया, कुशयारी, तिघरा, खभरा, कचनारी, खम्हारिया, नुन्जी, भीकाखेड़ा सहित समूचे छेत्र मे फसलों को नुकसान पहुँचा है किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर उचित मुआवजे की माँग की है।



### ब्लाक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन एसडीएम सिहोरा को ज्ञापन सौपा गया जिसमें बे मौसम हुई बरसात से धान की फसल को हुई क्षति का सर्वे कर अतिशीघ्र मुआवजा राशि वितरित करने की मांग एवं किसानों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन खाद वितरित करने की मांग को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया गया ।इस अफसर पर बिहारी पटेल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौबे प्रदेश सचिव,बाबा कुरैशी,राजेश पटेल,अमोल चौरसिया, प्रकाश कुररिया,रमेश पटेल पार्षद,आलोक पांडे, गणेश दाहिया,लाल बहादुर पाठक,शंकर वंशकार,पवन सोनी,डब्बू पाठक,दिलीप जैन, केके कुररिया, रमा चौरसिया, जितेंद्र तिवारी, मनीष शुक्ला, गिरधर सरावगी, शमशेर खान,जमीला बानो, उमाकांत चौरसिया, सुखदेव नामदेव, पंकज पटेल, अंकित पटेल, ओम नारायण श्रीवास्तव, युसूफ खान, सुभाष ठाकुर, अनुज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## वूमेन फॉर ट्री का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट जबलपुर में **women for tree** के अंतर्गत स्टेट टीम ,भोपाल द्वारा भृगु उद्यान लम्हेटा घाट का निरीक्षण एवं सर्वे किया गया और एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया इस आयोजन में स्टेट टीम भोपाल से सर्वेश तिवारी , विवेक द्विवेदी ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गये पौधारोपण का सर्वे किया। जिसमें नगर परिषद से विक्रम सिंह **CMO**, सब इंजीनियर निधि परोहा ,उद्यान प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे, प्रिंसी नामदेव, सुधा ठाकुर, अमित दांगी अमित मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की महिलाएँ उपस्थित रही ।

# शासकीय महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

**मझौली।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025 को शासकीय महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभारी निलेश साहू ने अध्यादेश 14(1) एवं 14(2) का विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति, बहुविषयक अध्ययन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर प्रकाश डाला।
कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य गौरीकांत मिश्रा ने कहा कि नई शिक्षा नीति छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चुनने की स्वतंत्रता देती है तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए




अवसर प्रदान करती है। इस प्रशिक्षण में समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इसी अवसर पर महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिद्धि तिवारी द्वारा प्रस्तुत मधुर मध्यप्रदेश गीत से हुई। इसके पश्चात महिमा जैन, रिद्धि तिवारी एवं अथर्व परोहा ने सरदार पटेल जी के जीवन, उनके योगदान तथा भारत के एकीकरण में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य गौरीकांत मिश्रा, डॉ. आमोद कस्तवार, डॉ. सुनील पाण्डेय, डॉ. सोनिका धनधरिया, नमन अवस्थी सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ गरिमामय उपस्थिति में सम्मिलित हुए।

## पूर्व क्षेत्र कंपनी में 'साइबर जागरूक भारत' थीम पर सत्र आयोजित

# साइबर सुरक्षा पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (National Cyber Security Awareness Month - NCSAM) के अंतर्गत एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्टेट साइबर सेल जबलपुर के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, साइबर जोखिमों से बचाव की रणनीतियों को समझना एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।




इस वर्ष की राष्ट्रीय थीम "Cyber Jagriti Bharat" (साइबर जागृति भारत) के अनुरूप यह सत्र आयोजित किया गया, जिसका मुख्य फोकस राष्ट्रीय साइबर इंफ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने और सरकारी संस्थाओं में डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ करने पर रहा।

कार्यक्रम में स्टेट साइबर सेल जबलपुर के उप निरीक्षक मोहित पाण्डेय एवं रामनरेश तिवारी द्वारा फ़िशिंग अटैक और ऑनलाइन धोखाधड़ी की पहचान, मोबाइल डिवाइस एवं एप्लिकेशन सुरक्षा, सिस्टम सिक्योरिटी के मूल सिद्धांत, रैनसमवेयर और मालवेयर डिटेक्शन रणनीतियाँ, डेटा एन्क्रिप्शन और प्रोटेक्शन तकनीकें एवं सोशल मीडिया सुरक्षा एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जबलपुर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कंपनी के सभी कार्मिक ने पूर्ण सजगता से साइबर सेल जबलपुर से आये अधिकारियों की बातों को सुना एवं मन में उठ रहे प्रश्न किए, जिसका उत्तर उन्होंने बहुत सरलता और विस्तार से दिया, जिससे सभी की जिज्ञासा शांत हुई। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मा. संसा. एवं प्रशा.) सम्पदा सराफ गुर्जर, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) एस.के. गिरिया, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर एवं बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर कार्मिकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए गए तथा 'Safe Digital Practices' अपनाने की अपील की गई।

## 300 पाव देशी शराब के साथ महिला सहित 3 गिरफ्तार

**जबलपुर।** भेड़ाघाट पुलिस ने तेवर ब्रिज के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 1 महिला सहित 3 आरोपी गिरफ्तार कर उनके पास से 300 पाव देशी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त एक्सिस जब्त की है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि गत शाम मुखबिर की सूचना पर तेवर ब्रिज के आगे सर्विस रोड पर दबिश देकर चौधरी मोहल्ला भानतलैया बेलबाग निवासी 38 वर्षीय एक्सिस चालक सोहन चौधरी, चौधरी मोहल्ला बेलबाग निवासी 26 वर्षीय अक्कू उर्फ आकाश चौधरी और चौधरी मोहल्ला रविदास मोहल्ला के पास भानतलैया निवासी 30 वर्षीय कुंती उर्फ वंदना चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से 300 पाव देशी शराब व बिना नंबर का एक्सिस वाहन जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 28 हजार 500 रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



**श्री वीरेंद्र बबेले-** पाटन निवासी श्री वीरेंद्र बबेले उर्फ विक्की महाराज का 44 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार निज भूमि में संपन्न हुआ। वे पुरुषोत्तम बबेले के भतीजे सिक्की बबेले के भाई और यश बबेले के पिता थे।

**श्रीमती सुकड़ बाई-** रांझी सुभाष नगर निवासी श्रीमती सुकड़ बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या रान-** ललित कॉलोनी सेंट्रल जेल के पीछे निवासी श्री गुड्डु रान की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या रान (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांतम्मा नायर-** सर्रा पीपल रांझी निवासी श्री टीके गोपीनाथन नायर की धर्मपत्नी श्रीमती शांतम्मा नायर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामू प्रजापति-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री रामू प्रजापति (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री आरके श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कविता विश्वकर्मा-** एपीआर कॉलोनी करमेता कटंगी रोड निवासी श्री संजय कुमार विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कविता विश्वकर्मा (51) का निधन




हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री निशीकांत लोकरस-** आईडियल हिल्स पोलीपाथर गौरीघाट रोड निवासी श्री निशीकांत लोकरस (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दशमत बाई कुशवाहा-** लालमाटी बड़ी संतोषी निवासी श्री मंगल प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती दशमत बाई कुशवाहा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद बर्मन-** सेठी नगर पानी की टंकी के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री विनोद बर्मन (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नंद लाल चौधरी-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री नंद लाल चौधरी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राज बाबू श्रीवास-** कांचघर कस्तूरबा नगर पोस्ट आफिस के पीछे निवासी श्री राज बाबू श्रीवास (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गिदिया बाई बंशकार-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री बाबू लाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती गिदिया बाई बंशकार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गौतम पासी-** बगीचा नं.69, सदर केंट निवासी श्री लखन लाल पासी के पुत्र श्री गौतम पासी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दीपा शर्मा-** कांचघर निवासी श्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती दीपा शर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक सिंह राजपूत-** माली मोहल्ला गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री अशोक सिंह राजपूत के पुत्र श्री विवेक सिंह राजपूत (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेनुका तिवारी-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री आरएन तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रेनुका तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती भानुमति बाई-** पोलीपाथर टंकी नं. 2 के पास निवासी श्री कमसु की धर्मपत्नी श्रीमती भानुमति बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सीता राम सोनी-** बधैया मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री सीता राम सोनी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम शंकर भट्ट-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री श्याम शंकर भट्ट (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार रजक-** बजरंग कॉलोनी निवासी श्री संजय कुमार रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 5x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 5x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

# एयर इंडिया ने टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस से मांगे 10,000 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया अभी घाटे में चल रही है। एयरलाइन अपने मालिकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से कम से कम 1.1 बिलियन डॉलर यानी करीब दस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की मदद मांगने वाली है।

- टाटा ग्रुप के पास एयर इंडिया में 74.9 प्रतिशत हिस्सा है

ये पैसा कंपनी के सिस्टम और सर्विसेज को पूरी तरह से ओवरहॉल करने के लिए चाहिए, साथ ही अपना खुद का इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस डिपार्टमेंट बनाने के लिए भी। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। एयर इंडिया को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर अहमदाबाद में हुए भयानक प्लेन क्रैश के बाद, जिसमें एक को छोड़कर सबकी जान चली गई थी। इसके अलावा मार्केट में कॉम्पिटिशन भी बहुत है और ऑपरेशंस चलाने में दिक्कतें आ रही हैं।

## ये फंडिंग एयर इंडिया को फाइनेंशियल लॉसेस से उबरने में मदद करेगी

### एयर इंडिया के इन फंक्शंस की देखरेख करती है सिंगापुर

अहमदाबाद क्रैश के बाद सिंगापुर एयरलाइंस एयर इंडिया के इंजीनियरिंग, ऑपरेशंस और एयरपोर्ट सर्विसेज जैसे की फंक्शंस में करीब से इन्वॉल्व हो गई है। अभी मेंटेनेंस का काम एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड कर रही है, जो गवर्नमेंट की है और पहले एयर इंडिया की सब्सिडियरी थी। ये फाइनेंशियल सपोर्ट एयर इंडिया को अपना इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस कैपेबिलिटी बढ़ाने में मदद करेगा, जैसे देश के बड़े एयरपोर्ट्स पर हैंगर्स बनाना। कुल मिलाकर ये मदद एयर इंडिया को मजबूत बनाने के लिए है ताकि वो फिर से अच्छे से उड़ान भर सके।



सिंगापुर एयरलाइंस के पास बाकी बचा हुआ हिस्सा है

### लाभ कमाने की कोशिशों पर दबाव

प्रॉफिट कमाने की कोशिशों पर और प्रेशर पड़ा है क्योंकि मई में पाकिस्तान के साथ बॉर्डर कॉन्फ्लिक्ट की वजह से एयरस्पेस रेस्ट्रिक्शंस लगे, जिससे फ्लाइट रूट्स लंबे हो गए। फिर 12 जून को अहमदाबाद से टेकऑफ के तुरंत बाद बोइंग 787 ड्रीमलाइनर क्रैश हो गया, जिसमें एक को छोड़कर सब मारे गए। सेफ्टी कंसर्न्स की वजह से इंडिया के एविएशन रेगुलेटर ने पूरा सिस्टम ऑडिट किया और जून से अगस्त तक वाइडबॉडी जेट्स पर इंटरनेशनल फ्लाइट्स 15 प्रतिशत कम कर दीं, जिससे रेवेन्यू पर असर पड़ा।

### रिपोर्ट में एयर इंडिया से जुड़ा बड़ा खुलासा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फंडिंग एयर इंडिया को वित्तीय नुकसान से उबरने में मदद करेगी और ऑपरेशनल रेजिलिएंस के गैप्स को भरने में भी। टाटा ग्रुप के पास एयर इंडिया में 74.9 प्रतिशत हिस्सा है और सिंगापुर एयरलाइंस के पास बाकी का है। कोई भी सपोर्ट हिस्सेदारी के हिसाब से होगा और ये तय करना बाकी है कि पैसा इंटरेस्ट फ्री लोन के रूप में आएगा या इक्विटी बढ़ाकर।

## खबर संक्षेप

### एसीसी का लाभ पांच गुना बढ़कर 1,119 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली।** सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मजबूत बिक्री के दम पर पांच गुना से अधिक बढ़कर 1,119.26 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर तिमाही के इस वित्तीय नतीजे की जानकारी दी। पिछले वर्ष की समान तिमाही में 199.7 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### गेल का दूसरी तिमाही लाभ 18 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घट गया। गिरावट पेट्रोकेमिकल मार्जिन में दबाव के कारण आई है। सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2,823.19 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,453.12 करोड़ रुपये था।

### वेदांता के शुद्ध लाभ में 38 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** खनन एवं खनिज कारोबार से जुड़ी कंपनी वेदांता लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 37.9 प्रतिशत घटकर 3,479 करोड़ रुपये रह गया। वेदांता लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### आईएचसी ने हिस्सेदारी खरीदने अनुमति मांगी



**नई दिल्ली।** अबू धाबी स्थित इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने सम्मान कैपिटल में 43.46 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई से अनुमति मांगी है। आईएचसी एक अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,850 करोड़ रुपये) में उक्त 43 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

### रुपया गिरावट से उबरकर 88.69 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दिनभर गिरावट में रहने के बाद 88.69 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और अमेरिकी डॉलर में मजबूती इसकी मुख्य वजह रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.60 प्रति डॉलर पर खुला। 88.59 प्रति डॉलर के उच्च और 88.78 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ।

## लेखा महानियंत्रक ने जारी किया आंकड़ा

# केंद्र का राजकोषीय घाटा पहली छमाही में वार्षिक लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 36.5 प्रतिशत रहा। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में राजकोषीय घाटा 2024-25 के बजट अनुमान का 29 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटा सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर होता है। मौजूदा कीमतों पर 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 5,73,123 करोड़ रुपये रहा। केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा।

- पहली छमाही में राजकोषीय घाटा 29 प्रतिशत रहा
- केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 5,73,123 करोड़ रुपए रहा



*5.78 लाख करोड़ ब्याज भुगतान के लिए थे : कुल राजस्व व्यय में 5.78 लाख करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 2.02 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी के लिए थे। पूंजीगत व्यय में 40 प्रतिशत की वृद्धि ने पहली छमाही के दौरान भारत सरकार के राजकोषीय घाटे को 5.7 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान का लगभग 37 प्रतिशत) तक बढ़ा दिया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.7 लाख करोड़ रुपये था।*

### राज्य सरकारों को 6.31 लाख करोड़ दिए

सीजीए के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान केंद्र सरकार ने करों के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 6.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 86,948 करोड़ रुपये अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में केंद्र सरकार ने कुल 23 लाख करोड़ रुपये (बजट अनुमान 2025-26 का 45.5 प्रतिशत) खर्च किए। कुल व्यय में 17.22 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते में और 5.8 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत खाते में थे।

### सितंबर 2025 तक 16.95 लाख करोड़ की प्राप्तियां हुई

सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक, सरकार को सितंबर 2025 तक 16.95 लाख करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां हुईं जो 2025-26 के बजट में अनुमानित कुल प्राप्तियों का 49.6 प्रतिशत है। इसमें 12.29 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध), 4.6 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 34,770 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

### व्यवसाय तीन साल से लंबित है तो जीएसटी रिटर्न नहीं भर पाएंगे

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शुक्रवार को कहा कि व्यवसाय नवंबर कर अवधि से तीन साल या उससे अधिक समय के लिए देय जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटीएन (जो प्रौद्योगिकी क्षेत्र की रीढ़ है) ने एक परामर्श में कहा कि सभी जीएसटी-पंजीकृत व्यवसायों के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिटर्न नियत तिथि से तीन साल की समाप्ति के बाद दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी।

### मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा

जीएसटीएन ने कहा, " यह प्रतिबंध जीएसटी मंच पर नवंबर 2025 कर अवधि से लागू किया जाएगा, जिसका मतलब है कि कोई भी रिटर्न जिसकी देय तिथि तीन साल या उससे अधिक पहले थी और नवंबर कर अवधि तक दाखिल नहीं किया गया है, उसे दाखिल करने से रोक दिया जाएगा।" सरकार ने 2023 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन कर जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा तय कर दी थी।

### एक दिसंबर 2025 से प्रभावी

जीएसटीएन के 29 अक्टूबर को जारी परामर्श में कहा गया कि एक दिसंबर 2025 से प्रभावी, अक्टूबर 2022 को देय मासिक जीएसटी रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर-3बी और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक जीएसटी रिटर्न जीएसटीआर-9 समय-बाधित हो जाएंगे।

# मारुति सुजुकी का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 3,349 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,102.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी परिचालन आय 42,344.2 करोड़ रुपये रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 37,449.2 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 39,018.4 करोड़ रुपये हो गया जबकि साल भर पहले यह 33,879.1 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में उसकी घरेलू थोक बिक्री 5.1 प्रतिशत घटकर 4,40,387 इकाई

- चालू वित्त वर्ष में एकीकृत लाभ बढ़कर 3,349 करोड़ रुपए हुआ
- जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन आय 42,344 .2 करोड़ रुपए रही

रह गई। इसकी वजह यह है कि ग्राहकों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती लागू होने से पहले अपनी खरीदारी टाल दी थी। हालांकि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का निर्यात 42.2 प्रतिशत बढ़कर 1,10,487 इकाई हो गया जो अब तक किसी भी तिमाही का सर्वाधिक आंकड़ा है।कंपनी ने कहा कि दूसरी तिमाही में उसकी कुल बिक्री 1.7 प्रतिशत बढ़कर 5,50,874 इकाई हो गई।

### निर्यात में 39.9 फीसदी की मजबूत वृद्धि रही


इसमें 8,71,276 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 2,07,459 इकाइयों का अब तक का सर्वाधिक छमाही निर्यात शामिल है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में बिक्री मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी मुख्य वजह निर्यात में 39.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि रही।

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 466 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी बैंकों के शेयरों में बिकवाली और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को स्थानीय बाजार लगातार दूसरे दिन नुकसान में रहे। सेंसेक्स लगभग 466 अंक गिर गया जबकि निफ्टी में 156 अंकों की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 465.75 अंक टूटकर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 498.8 अंक गिरकर 83,905.66 अंक तक आ गया था। इसके 25 शेयरों में गिरावट और पांच शेयरों में तेजी रही। निफ्टी 155.75 अंक गिरकर 25,722.10 पर आ गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कंपनियों के मिलेजुले नतीजे और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों पर स्पष्टता की कमी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।



- निजी बैंकों के शेयरों में रही बिकवाली
- वैश्विक बाजारों में भी सीमित खरीदारी रही

### फेड के रुख के बाद वैश्विक सतर्कता बढ़ी

बीएसई में सूचीबद्ध कुल 2,370 शेयरों में गिरावट रही जबकि 1,784 शेयर बढ़कर बंद हुए और 155 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक सतर्कता बढ़ने से कारोबार सुस्त रहा।

### इन शेयरों ने दर्ज की लाभ -हानि

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, ट्रेंट और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक बढ़त के साथ बंद हुए।

# चीन की कारखाना गतिविधि में लगातार सातवें महीने गिरावट

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

चीन की कारखानों की गतिविधियों में अक्टूबर में लगातार सातवें महीने गिरावट दर्ज की गई। हालांकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव थमने की संभावना के बीच निर्यात में मजबूत सुधार की कुछ उम्मीद है।

चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण के आधार पर बताया कि आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक सितंबर के 49.8 से घटकर अक्टूबर में 49 हो गया। यह पूर्वानुमान से भी खराब है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से



- तनाव थमने के बाद मजबूत सुधार की उम्मीद

ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा था कि दक्षिण कोरिया में चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ उनकी बैठक के बाद अमेरिका ने चीन पर 'फेंटानिल' से संबंधित शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने का फैसला किया है। इससे चीनी वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क 57 प्रतिशत से घटकर 47 प्रतिशत हो जाएगा। चीन लगातार अमेरिका से निर्यात में विविधता ला रहा है और दक्षिण-पूर्व एशिया एवं अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा रहा है।

### फोर्ड चेन्नई संयंत्र पर 3,250 करोड़ रुपए करेगी निवेश

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी वाहन विनिर्माता फोर्ड मोटर कंपनी का नई पीढ़ी के इंजन के उत्पादन के लिए तमिलनाडु को चुनना राज्य की औद्योगिक क्षमता और वैश्विक विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला में इसकी अपरिहार्य स्थिति का एक और प्रमाण है। स्टालिन ने कहा कि फोर्ड द्वारा किया गया प्रमुख निवेश तमिलनाडु की मजबूत वाहन सहयोगी पारिस्थितिकी को और मजबूत करेगा। इससे पहले, फोर्ड मोटर कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में तमिलनाडु सरकार के साथ दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। इसमें चेन्नई के पास मराईमलाई नगर में स्थित संयंत्र में अगली पीढ़ी के इंजन बनाने के लिए 3,250 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे। अमेरिकी वाहन कंपनी ने 2021 में भारत में वाहनों का निर्माण बंद करने और भारतीय बाज़ार से बाहर निकलने की घोषणा की थी।

**म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि.**
वन भवन, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, लिंक रोड नं. 2, तुलसी नगर, भोपाल

**वनोपज के घोष विक्रय की सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के विभिन्न परियोजना मंडलों के काष्ठागारों में माह नवम्बर 2025 हेतु विभिन्न स्थलों पर विभिन्न तिथियों में इमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टे, बांस एवं अन्य सामग्री के नीलाम हेतु तिथियां पूर्व से अधिसूचित हैं। नीलाम की तदर्थ तिथियां, तथा काष्ठागारों में विक्रय हेतु उपलब्ध वनोपज की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की वेबसाइट **www.mpsfdc.com** पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु नीलाम दिनांक से पूर्व वेबसाइट को देखना सुनिश्चित करें।

म.प्र. माध्यम/122782/2025 प्रबंध संचालक

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/4795/राजस्व/न.पा.नि./2025 **आवश्यक सूचना** रीवा, दिनांक 31/10/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात नामांतरण की विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 456 | 18/801/1 (एफ. ए. 3/4/1) बी-ब्लाक शिल्पी प्लाजा, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्री विकास कोटवानी पिता श्री मदनलाल कोटवानी | 1. श्री संजीव सिंह पिता श्री योगराज सिंह 2. श्री शरद सिंह पिता श्री रामसिया सिंह | क्रय-विक्रय |
| 2 | 519 | 07/609/302 सिंगरौली टावर, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्री गुरूनाम सिंह पिता श्री बोगा सिंह' | श्रीमती सोनल शर्मा पिता श्री प्रदीप कुमार शर्मा पति श्री पवन कुमार तिवारी | क्रय-विक्रय |
| 3 | 488 | 17 / 457 नरेन्द्र नगर, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्री दीनानाथ सिंह पिता श्री शिवचरण सिंह | श्रीमती कविता सिंह पति श्री पुष्पेन्द्र सिंह | वारिसाना |
| 4 | 497 | 03/414 दीनदयालधाम पड़रा, जिला - रीवा (म.प्र. | श्री शिवेश कुमार त्रिपाठी पिता श्री सभापति त्रिपाठी | श्री शशांक शुक्ला पिता श्री बालेन्द्र कुमार शुक्ला | क्रय-विक्रय |
| 5 | 512 | 29/10 कटरा, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्रीमती जगरानी ताम्रकार पति स्व. श्री रामगोपाल ताम्रकार | श्री रवीन्द्र कुमार ताम्रकार पिता स्व. श्री रामगोपाल ताम्रकार | वारिसाना |
| 6 | 516 | 24/397 कमसरियत, जिला - रीवा (म.प्र.) | स्व. श्रीमती शंखवती सिंह पति श्री उग्रभान सिंह | 1. श्री उपेन्द्र सिंह 2. श्री भास्कर सिंह दोनो के पिता श्री उग्रभान सिंह | बटवारा नामांतरण |

उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

# सोना 2,200 रुपए प्रति 10 ग्राम तेज, चांदी में आई नरमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने के दाम शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 2,200 रुपये की तेज बढ़त के साथ 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि सोने के दाम में यह तेजी थोक खरीदारों और आभूषण विक्रेताओं की नई खरीद के कारण आई है।

बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,200 रुपये बढ़कर 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले

- सोना बढ़कर हुआ 1,25,600 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी 2000 रुपए घटकर 1,53,000 रुपए प्रति किलो ग्राम

कारोबारी सत्र में 1,22,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सुमिल गांधी ने कहा, "सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोने में तेजी आई, जिसका प्रमुख कारण डॉलर के मुकाबले रुपये में आई कमजोरी रही।" इस बीच, चांदी के भाव 2,000 रुपये घटकर 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गए।

## धानुका एग्रीटेक के मुनाफे में 20 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** कृषि-रसायन क्षेत्र से जुड़ी धानुका एग्रीटेक लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घटकर 93.96 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 117.51 करोड़ रुपये रहा था। धानुका एग्रीटेक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर नौ प्रतिशत घटकर 604.56 करोड़ रुपये रह गई है।

Accredited by NAAC With "B" Grade
Phone & Fax: 07592-234553
E-mail: heggcvid@mp.gov.in

**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या( अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक / /25 विदिशा दिनांक 31/10/2025

// निविदा प्रकाशन //

रूसा- 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से ड्बल डेस्क फर्नीचर सामग्री क्रय की जाना है। जिसकी खुली निविदाएँ एम.पी. टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2025_HED_459484_1 एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.11.2025 है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएँ एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

प्र. प्राचार्य
रा.वि.सि. शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर निम्नलिखित कार्यो के हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है – **निविदा सूचना क्रमांक :** जबल–एल– टी–न–25–2025 दिनांक 24.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** (i) एडीईएन/जेबीपी उप प्रभाग के अंतर्गत पीडब्लूआई कार्यालय एसएचआर का स्टोर रुम, वर्कशॉप क साथ–साथ चारदीवारी का प्रावधान (ii) जबलपुर में गोदाम के लिए एसएसई/डब्ल्यू/वेस्ट/जेबीपी के लिए स्टोर शेड, सीमेंट गोदाम और दो कमरों का प्रावधान में विद्युत कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में) :** Rs.802674.97, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में) :** 0.00/– **कार्यालय का पूरा पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है :** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** Rs. 16100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 17.11.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 17.11.2025, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क: जबल–एल–टी–न–26–2025 दिनांक 27.10.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** महाप्रबंधक कार्यालय जबलपुर में 03 वर्ष के लिए 1 लिफ्ट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में) :** Rs.524973.15, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में) :** 0.00/– **कार्यालय का पूरा पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है :** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** Rs. 10500.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 03 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 20.11.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 20.11.2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

हस्ता.
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए वरि. मंडल अभियंता (समन्वय), द.पू.म.रे., नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित है:

**1. निविदा क्र.:** सी/36/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल में ट्रैक आधारित गेज फेस रेल लुब्रिकेटर-1 Km. (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्षों के लिए)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 9,19,99,152/- **बयाना राशि:** ₹ 6,10,000/-

**2. निविदा क्र:** सी/37/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) TMR यार्ड में पॉइंट और यार्ड के क्रॉसिंग के बीच बर्थिंग ट्रैक (L-1) के रूपांतरण हेतु TRR (P) कार्य। (2) दुर्ग-नागपुर-TFR 51.575 Tkm। (3) दुर्ग-नागपुर-टर्नआउट्स स्लीपर 19 सेट्स का नवीनीकरण। (4) TBR-11.103 Tkm। (5) गैर-मानक एस-कर्व को खत्म करने के लिए भंडारा यार्ड में लाइन नं. 1 का पुन: संरेखण। (6) ADEN, TMR के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत पॉइंट्स एवं ज़िंग स्लीपर्स में टूटे हुए स्लीपर/टूटे हुए रेल स्क्रू का कैसुअल नवीनीकरण और PVC डॉवेल्स को ठीक करना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,38,84,025/- **बयाना राशि:** ₹ 4,19,400/-

**3. निविदा क्र.:** सी/38/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत NAB-NITR (नागभीड़ इतवारी) सेक्शन (NG से BG) गेज परिवर्तन परियोजना पर टाइप-II (A) क्वार्टर (32 संख्या) का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,89,81,165/- **बयाना राशि:** ₹ 3,44,900/-

**4. निविदा क्र.:** सी/39/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN (ट्रैक), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत SSE/पी-वे, KP, TAR के सेक्शन में व्हील बर्न, स्कैब्ड रेल और कप्ड वेल्ड जोड़ों की रीकंडीशनिंग। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 73,23,517/- **बयाना राशि:** ₹ 1,46,500/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दि. 18.11.2025 के 15:00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। निविदा के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अन्य विवरण वेब-साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य),
MS/34-161 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# आतंकवाद से निपटने को एकजुट हो दुनिया

भारत हमेशा से ही मानता रहा है कि आतंकवाद न केवल पूरी दुनिया बल्कि मानव सभ्यता के लिए घातक है, लेकिन अनेक देश तेरा आतंकवाद, मेरा आतंकवाद की सोच को लेकर इसके पोषण में लगे रहे। यही कारण रहा है कि आतंकी संगठन इतने मजबूत हो गए कि अनेक देशों का राजतंत्र ही उनके हाथों में चला गया। ऐसा ही एक आतंकी संगठन है अलकायदा। ये आतंकी संगठन अब अफ्रीका महाद्वीप में स्थित माली पर कब्जे के करीब पहुंच गया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कुछ ही दिनों में माली की सत्ता अलकायदा के हाथों में होगी। यह देश लंबे समय से आतंकी हिंसा और नाकेबंदी का सामना कर रहा है। माली में नागरिक सरकार के पतन के बाद विद्रोहियों ने रूस और चीन की मदद से सरकार चलाने की कोशिशें की थी, लेकिन वो नाकाम रहे। इस बीच अलकायदा के आतंकवादियों ने मौका देखकर राजधानी बमाको को घेर लिया। उन्होंने राजधानी में ईंधन की सप्लाई रोक दी है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही बमाको पर अलकायदा कब्जा कर लेगा। इसी के साथ पूरा माली उनके नियंत्रण में होगा। दर्जनों देशों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों को तुरंत माली छोड़ने को कहा है। पश्चिम अफ्रीका में स्थित माली चारों ओर से जमीन से घिरा देश है जिसकी सीमाएं अल्जीरिया, नाइजर, बुर्किना फ़ासो, कोट डी आइवर, गिनी, सेनेगल और मॉरिटानिया से लगती हैं। अल-कायदा से जुड़े एक आतंकवादी समूह, जमात नुसरत अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन ने सितंबर में ईंधन नाकेबंदी की घोषणा की थी। इसके बाद से ही माली एक अभूतपूर्व संकट की चपेट में है। किसी भी समय अलकायदा इस पर कब्जे का ऐलान करने वाला है। अलकायदा 1988 में ओसामा बिन लादेन और उसके सहयोगी मोहम्मद अतेफ द्वारा सोवियत आक्रमण के खिलाफ अफगानिस्तान में लड़ने वाले अरबों को एक साथ लाने के लिए बनाया गया था। यह वैश्विक नेटवर्क के लिए एक केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। इसके 60 से अधिक देशों में आतंकवादी सेल शामिल हैं। अलकायदा ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका विशेष रूप से ब्रुकलिन में अलकिफा शरणार्थी केंद्र सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कार्यालय बना रखे बताए जा रहे हैं। पश्चिम के प्रभाव के खिलाफ इस्लामिकता को जोर देने वाले इस संगठन की वैश्विक पहुंच है। अल्जीरिया, मिस्र, मोरक्को, तुर्की, जॉर्डन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, सीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, म्यांमार, इंडोनेशिया, फिलीपींस का मिंडानाओ, लेबनान, इराक, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, यमन, लीबिया, ट्यूनीशिया, बोस्निया, कोसोवो, चेचन्या, दागिस्तान, सूडान, सोमालिया, केन्या, तंजानिया, अजरबैजान, इरिट्रिया, युगांडा, इथियोपिया, इसके सेल बताए जा रहे हैं। हाल की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अलकायदा ने रासायनिक और जैविक युद्ध के प्रयोग भी शुरू कर दिए हैं। वो अलग-अलग देशों में अपने कैंप में ऐसे प्रयोगों को कर रहा है, जो पूरी दुनिया के लिए घातक होंगे। इन्हें रोकने के लिए जरूरी है कि पूरी विश्व बिरादरी एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध करे और इन संगठनों को खत्म करने के लिए एकजुट हो। नहीं तो वो दिन दूर नहीं, जब ये संगठन दुनियाभर में तबाही का कारण बनेंगे।



तकनीक
राजेश माहेश्वरी

# साइबर ठगी का फैल रहा जाल

> साइबर ठग हर दिन देश में लोगों से करोड़ों रुपये ठग रहे हैं। भारत की डिजिटल प्रगति 2025 के अंत तक 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाली है। इसकी वजह से एक ओर जहां समृद्धि और सुविधा आई है वहीं, दूसरी तरफ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते की जानकारी नहीं मांगती हैं।

देश में साइबर अपराधियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। जहां एक तरफ तकनीक लोगों की जिंदगी को आसान बना रही है, वहीं दूसरी ओर साइबर ठगी के मामलों में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। साइबर ठग हर दिन देश में लोगों से करोड़ों रुपये ठग रहे हैं। भारत की डिजिटल प्रगति 2025 के अंत तक 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने वाली है। इसकी वजह से एक ओर जहां समृद्धि और सुविधा आई है वहीं, दूसरी तरफ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है।

2024 में साइबर अपराधों के कारण 22,812 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो 2023 में 7,496 करोड़ रुपये से लगभग तीन गुना और 2022 में 2,306 करोड़ रुपये से करीब 10 गुना अधिक है। पिछले चार वर्षों में, अपराधियों ने देशभर के आम लोगों और ऑनलाइन बिजनेस से कुल 33,165 करोड़ रुपये की ठगी की है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की एक रिपोर्ट बेहद चौंकाने वाली है, जिसमें देश के कुल 74 जिलों को साइबर ठगी के हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है। इस साल एक जनवरी से चार मार्च तक के जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट के मुताबिक, साइबर ठगी की ज्यादातर कॉल इन्हीं 74 जिलों से की जा रही हैं। इनमें 10 जिले बिहार के और सात झारखंड के हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 74 जिलों में हरियाणा का नूंह पहले स्थान पर, राजस्थान का डीग दूसरे स्थान पर, झारखंड का देवघर तीसरे स्थान पर, राजस्थान का अलवर चौथे स्थान पर और बिहार का नालंदा पांचवें स्थान पर है। अभी तक साइबर ठगी के लिए सर्वाधिक कुख्यात रहा जामताड़ा, जिस पर इसी नाम से वेब सीरीज भी बन चुकी है, सूची में 14वें स्थान पर है। रिपोर्ट हालांकि बताती है कि जामताड़ा अब पहले जैसा कुख्यात नहीं रहा और लगातार पुलिस कार्रवाई के बाद ठगों ने अपना ठिकाना बदल लिया है। लेकिन विगत दिसंबर में इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आइ4सी) ने झारखंड पुलिस से जो सूचना साझा की थी, उसके मुताबिक, जामताड़ा, दुमका और देवघर के 300 फोन नंबरों से देश के दूसरे हिस्सों में साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। साइबर ठगी के लिए कुख्यात बताए गए झारखंड के दूसरे जिले दुमका, धनबाद, गिरिडीह, रांची और हजारीबाग हैं। यह रिपोर्ट चिंताजनक है, जो बताती है कि देश में साइबर अपराध में हो रही वृद्धि के अनुरूप साइबर ठगी के ठिकाने भी देश भर में फैलते जा रहे हैं। एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) के मुताबिक, 2022 में साइबर अपराध के मामलों में 24.4 फीसदी की वृद्धि हुई थी। शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा, जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी



फोन कॉल्स से बचाने के लिए पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिए सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गंवा देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है। वर्ष 2023 में साइबर ठगी के 7.9 करोड़ मामले देशभर में सामने आये थे। अभी डिजिटल अरेस्ट का खौफ ज्यादा है, लेकिन देश में डिजिटल भुगतान बढ़ने के बीच यूपीआई ठगी के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले साल नवंबर में सरकार ने संसद में बताया कि वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई धोखाधड़ी के मामलों में 85 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जाहिर है, ये आंकड़े जहां साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत बताते हैं, वहीं लोगों से जागरूक होने की मांग भी करते हैं। साइबर ठगी के जाल में लोग हर पल फंस रहे हैं। ऑनलाइन बिजली का बिल भरने से लेकर होटल की बुकिंग तक में साइबर ठगों का जाल फैला हुआ है। जांच में सामने आया है कि ठगी का यह जाल बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों की ढील से फैल रहा है, क्योंकि बैंक नियमों को ताक में रखकर बिना सत्यापन किए ही खाते खोल रहे हैं। साथ ही एसटीआर की जांच भी नहीं हो रही है। टेलीकॉम कंपनियां भी बिना संपूर्ण सत्यापन के सिम जारी कर रही हैं। खाते और नंबर के इन्हीं हथियारों का फायदा उठाकर ठग वारदात करते हैं। वहीं लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस भी संख्या बल की कमी से जूझ रही है। इसी चुनौती को दूर करने के लिए दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिए लोगों को सजग-सतर्क किए जाने की आवश्यकता है। जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते या अन्य मामलों की जानकारी नहीं मांगती हैं। ऐसे फर्जी कॉल्स की प्रमाणिकता की पुष्टि करने के लिए हेल्पलाइन सुविधाओं में विस्तार करने की भी जरूरत है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## स्थापना दिवस

प्रो. आरके जैन




# श्रम से स्वर्ण और संस्कृति से शक्ति : आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

भारत की विशाल छाती में बसा मध्यप्रदेश वह जीवंत हृदय है, जहाँ प्राचीनता की गहराई और आधुनिकता की उड़ान एक साथ सांस लेती हैं, जहां हर कण में इतिहास की गरिमा और हर क्षण में भविष्य की उमंग समाहित है। यह भूमि केवल भूगोल की रेखाएं नहीं, बल्कि भावनाओं की अनंत धारा है, जो राष्ट्र की आत्मा को पोषित करती है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उस अमर यात्रा का उत्सव है, जिसमें संघर्ष की लौ से प्रगति की ज्योति जली, और परंपरा की जड़ों से विकास के पंख फूटे। यह वह पर्व है जो हमें याद दिलाता है कि यह प्रदेश भारत का केंद्र बिंदु नहीं, बल्कि उसकी धड़कन है- जीवंत, अटल और प्रेरणादायक। इस पवित्र धरती की महिमा उसके प्राचीन अवशेषों में छिपी है, जहां भीमबेटका की गुफाएं मानवता के प्रथम कलाकारों की उंगलियों से उकेरे गए चित्रों से सजी हैं, जो सहस्राब्दियों पुरानी सभ्यता की गवाही देती हैं। सांची का स्तूप बुद्ध की करुणा की शाश्वत भाषा बोलता है, खजुराहो के मंदिर प्रेम की उत्कृष्ट शिल्पकला से जीवन की उत्कटता को अमर बनाते हैं, जबकि उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर समय की सीमाओं को लांघकर सनातन सत्य की झंकार पैदा करता है। यहां की नर्मदा नदी मां की तरह बहती है, चंबल की घाटियां रहस्यों से भरी हैं, सतपुड़ा की हरियाली जीवन की सततता का प्रतीक है, और बुंदेलखंड की मिट्टी वीरता की कहानियां सुनाती है। मध्यप्रदेश की यह विविधता उसे एक जीवंत कैनवास बनाती है, जहां प्रकृति और संस्कृति के रंग इतनी सहजता से मिलते हैं कि पत्थर भी काव्य बन जाते हैं, और वन भी संगीत की लय में झूमते हैं। मध्यप्रदेश में श्रम को देवत्व प्राप्त है, जहां मेहनत की हर बूंद विकास की नदी में समा जाती है। यह वह भूमि है जहां ग्रामीण की सादगी और शहरी की चमक एक साथ चमकती हैं, जहाँ परंपरा आधुनिकता की गोद में खेलती है। इतिहास की गहराइयों में डूबकर देखें तो मध्यप्रदेश शौर्य और बुद्धि का अनुपम संगम है। राजा भोज की विद्या ने परमार वंश को अमर बनाया, रानी दुर्गावती की तलवार ने गोंडवाना की स्वतंत्रता की रक्षा की, तात्या टोपे की क्रांति ने 1857 की ज्वाला को भड़काया, और चंद्रशेखर आजाद की बलिदानी आत्मा ने स्वाधीनता की मशाल जलाई। रानी अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता ने मालवा को सुशासन का आदर्श दिया, जबकि पंडित रविशंकर शुक्ल की दूरदृष्टि ने आधुनिक मध्यप्रदेश की नींव रखी। यहां की माटी ने कवि कालिदास को जन्म दिया जिनकी रचनाएं विश्व साहित्य की धरोहर हैं, और तानसेन की रागिनियां आज भी ग्वालियर की हवाओं में गूंजती हैं। मध्यप्रदेश केवल घटनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत है, जहां हर युग की महानता नई पीढ़ी को ऊर्जा देती है। आधुनिक युग में मध्यप्रदेश ने परंपरा को प्रगति की तेज रफ्तार रेल पर सवार कर, एक अनूठी मिसाल कायम की है। इंदौर का स्वच्छता अभियान पूरे राष्ट्र को साफ-सफाई का जीवंत पाठ पढ़ा रहा है, जबकि भोपाल की चमकती झीलें और घने वन पर्यावरण संरक्षण की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर हरियाली की गाथा गा रहे हैं। ग्वालियर का संगीत महोत्सव सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखता है, जबलपुर की रक्षा इकाइयां और शैक्षणिक केंद्र राष्ट्रीय सुरक्षा व ज्ञान की अडिग नींव मजबूत कर रहे हैं। उज्जैन का सिंहस्थ मेला अध्यात्म को वैश्विक मंच पर चमकाता है, तो सांची और खजुराहो जैसे धरोहर स्थल पर्यटन की धारा से अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दे रहे हैं। यह विकसित मध्यप्रदेश की यात्रा ईंट-पत्थर की नहीं, बल्कि सपनों, संकल्पों और अटूट इच्छाशक्ति की है, जहां हर शहर अपनी अनुपम विशिष्टता से जगमगाता है, मगर समग्रता में एकता की सुंदर माला गूंथता है। विकास की इस प्रखर धारा में मध्यप्रदेश अग्रणी बनकर उभरा है, जहां नर्मदा बचाओ आंदोलन से नर्मदा घाटी परियोजनाओं तक जल संरक्षण की अनुपम मिसालें स्थापित हुईं। स्थापना दिवस की इस पावन बेला में इस पवित्र धरती को कोटि-कोटि नमन, जो भारत को उसका जीवंत हृदय सौंपती है। यह प्रदेश नक्शे की सीमाओं से परे, करोड़ों दिलों में बसा है, जहां हर धड़कन राष्ट्रगौरव की गूंज है, हर सांस स्वाभिमान की सुगंध। मध्यप्रदेश उस आदर्श का प्रतीक है जहां अतीत की गौरवमयी गरिमा भविष्य की अडिग नींव बनती है, जहां हर नागरिक कर्मयोगी बनकर उत्कर्ष की राह पर चलता है, और हर सपना राष्ट्र की उड़ान से जुड़ा होता है। इस शुभ अवसर पर दृढ़ संकल्प लें कि मध्यप्रदेश प्रगति की विजय पताका हमेशा फहराए, संस्कृति की ज्योति अखंड जलाए, और भारत के मध्य में रहकर सबको एकता के सूत्र में पिरोए। यह धरती केवल प्रदेश नहीं, बल्कि भारत की अमर आत्मा का दर्पण है-अजर, अविचल और आसमां छूती उड़ान वाली। जय मध्यप्रदेश! जय भारत!

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पड़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

# तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीज़ों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।


-उमेश वर्मा, भाटापारा

## ट्रेंड

### पटेल को श्रद्धांजलि

केवड़िया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा के रूप में स्थापित, यह राष्ट्रीय गौरव और सरदार पटेल के सपनों को साकार करने के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### लालू परिवार सबसे भ्रष्ट

लालू परिवार बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार है। चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, नौकरी के बदले जमीन हड़पने का घोटाला हुआ। सारा परिवार बेल पर है, मित्रों जो लोग बेल पर हो और कल जेल जाने को तैयार हो वह आपकी क्या सेवा करेंगे?

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



### बिहार की तक़दीर

बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, अपनी मेहनत और काबिलियत से शहरों की तक़दीर बदल देते हैं। फिर बिहार की तक़दीर क्यों नहीं बदल रही? पिछले 20 सालों से बीजेपी–जदयू ने बिहार के युवाओं से हर अवसर, हर उम्मीद छीन कर उन्हें या तो मजबूर बनाया है, या मज़दूर।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### बांग्लादेश का राष्ट्रगान

जब बांग्लादेश के कुछ विशेष लोग यह कह रहे हैं कि पूर्वोत्तर भारत बांग्लादेश का हिस्सा है, तब असम कांग्रेस के नेता कार्यक्रम में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गा रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है, इसकी जाँच होनी चाहिए!


- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



## करंट अफेयर

# शाही परिवार ने प्रिंस एंड्रयू से सभी उपाधियां वापस ली

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स ने अपने भाई प्रिंस एंड्रयू से सभी शाही उपाधियां और सम्मान वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बकिंघम पैलेस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अब उन्हें केवल "एंड्रयू माउंटबैटन विंडसर" के नाम से जाना जाएगा। यह कदम वर्जीनिया ज्यूफ्रे की मरणोपरांत प्रकाशित आत्मकथा 'नोबॉडीज़ गर्ल' के जारी होने के बाद उठाया गया है। इस पुस्तक में ज्यूफ्रे ने जेफ्री एप्सटीन और गिसलेन मैक्सवेल के लिए दो वर्ष तक "यौन दास" के रूप में बिताए अपने जीवन का विस्तृत विवरण दिया है। 41 वर्षीय ज्यूफ्रे ने इस वर्ष अप्रैल में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अपने फार्महाउस में आत्महत्या कर ली थी। महाराजा चार्ल्स के आदेश के तहत, एंड्रयू को रॉयल लॉज आवास खाली कर निजी आवास में स्थानांतरित होना होगा। बकिंघम पैलेस के बयान में कहा गया कि यह निर्णय राजघराने की गरिमा और जवाबदेही को ध्यान में रखकर लिया गया है। ज्यूफ्रे के परिवार ने एक बयान में कहा, "आज वह अपनी सच्चाई और अद्भुत साहस के साथ एक ब्रिटिश राजकुमार को गिराने में सफल रही- यह उसकी जीत है।" ब्रिटिश इतिहासकार एंड्रयू लाउनी ने हाल में कहा था कि "जब तक एंड्रयू अपने सभी शाही सम्मान छोड़कर रॉयल लॉज से बाहर नहीं जाते, यह विवाद खत्म नहीं होगा।"



## ऑफ बीट

# क्या तकनीक हमारी हवा को साफ़ कर सकती है

2018 में, घर में हवा को साफ करने के उद्देश्य से उत्पादों के साथ–साथ वायु–गुणवत्ता सेंसर में रुचि को बढ़ावा मिला। मुझे तब आश्चर्य हुआ कि क्या वायु निस्पंदन यूरोप में गति पकड़ेगा और क्या यह पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ या सामाजिक रूप से न्यायसंगत है। वह पूर्व–कोविड का समय था। जबकि इनडोर एयर फिल्टर अभी भी सर्वव्यापी नहीं हैं, मैंने 2018 में जितना अनुमान लगाया था उससे कहीं अधिक आज मैं देख रहा हूं। मेरा भविष्य का अनुमान लगाने का कौशल बहुत खराब है। यह सब मायने रखता है क्योंकि, विभिन्न इंजीनियरिंग सफलताओं को देखते हुए, अधिकांश अमीर देशों में दहन से "पारंपरिक" वायु प्रदूषण कणों (तथाकथित पीएम 2.5) का उत्सर्जन एक सदी या उससे अधिक में सबसे कम है। वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत बदल रहे हैं, वाहन उत्सर्जन में सुधार हो रहा है और नियंत्रण के लिए कम बड़े औद्योगिक उत्सर्जक बचे हैं। वायु प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला सबसे बड़ा वैश्विक पर्यावरणीय कारक बना हुआ है, लेकिन दैनिक जीवन में प्रदूषण और इसके बारे में क्या करना है, इस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### तीन पीआरओ के तबादले दाहिमा पीएचक्यू पदस्थ

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पदस्थ जनसंपर्क विभाग के तीन पीआरओ के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में आयुक्त दीपक सक्सेना ने आदेश जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ पीआरओ आशीष शर्मा को निर्वाचन आयोग में पदस्थ किया गया है। शर्मा की जगह पर पुलिस मुख्यालय में पीआरओ की नई भूमिका में राजेश दाहिमा नजर आएंगे। जनसंपर् कसंचालानायल में समाचार और फोटो फिल्म की जिम्मेदारी संभाल रहे राजेश बैन मंत्रालय में प्रेस प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### पेंशनरों ने जुलाई 25 से मांगा 3 प्रतिशत डीआर

**भोपाल।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने प्रदेश के मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव वित्त को पत्र लिखकर जुलाई 25 से 3 प्रतिशत डीआर की मांग की है। सक्सेना ने कहा है कि वर्ष 2000 में पुनर्गठित राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार एवं झारखंड ने पेंशनरों का महंगाई राहत बढ़कर 58 प्रतिशत कर दिया है। सक्सेना ने कहा कि शीघ्र आदेश जारी कर पेंशनरों के प्रति सरकार अपनी संवेदना प्रकट करें। संगठन के संरक्षक गणेश दत्त जोशी ने कहा कि सरकार को महंगाई से त्रस्त प्रदेश के पेंशनरों को लंबित महंगाई राहत के आदेश शीघ्र जारी करना होगा, इसके लिए 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस सबसे अच्छा दिन होगा।

### आईएएस नंदकुमारम बने डीआईसी एमडी

**भोपाल।** अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट कमेटी मिनिस्ट्री ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी के प्रस्ताव पर प्रेसिडेंट एंड सीईओ नेशनल ई गवर्नेंस डिवीजन नंद कुमार को मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर डिजिटल इंडिया कार्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है। एमपी के 2008 बैच के नंदकुमारम को यह चार्ज छह माह के लिए सौंपा गया है।

### गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल 'थैंक्स-ए-डॉट'

**इंदौर।** एक ऐसा अभियान जिसने न सिर्फ महिलाओं को जागरूक किया बल्कि सम्पूर्ण देश में एक नई मिसाल कायम कर दी। 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के तहत कंपनी ने 1,191 'हग ऑफ लाइफ' हॉट वॉटर बैग्स से बना दुनिया का सबसे बड़ा मोज़ेक तैयार किया, जिस पर लिखा था- टेक ए ब्रेस्ट सेल्फ-एग्जाम विथ थैंक्स-ए-डॉट। इस अनोखे प्रयास ने एसबीआई लाइफ को गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एमडी एवं सीईओ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस अमित झिंगरन, अभिनेत्री एवं स्तन कैंसर सर्वाइवर महिमा चौधरी और गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के स्वप्निल डांगरिकर मौजूद रहे। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री महिमा चौधरी ने इस अवसर पर कहा,इस पहल से जुड़ना मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह शुरुआती पहचान के महत्व को बढ़ावा देती है। मैंने खुद स्तन कैंसर का सामना किया है, इसलिए मैं जानती हूं कि समय पर जांच कितनी जरूरी है और नियमित स्व-परीक्षण जीवन बदल सकता है।

---

स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से एमवीएम साइंस कॉलेज में किया जाएगा कार्यक्रम

# प्रदेशभर में 29 मेलों का आयोजन करेगा स्वदेशी जागरण मंच भोपाल में 6 नवंबर से होगी शुरुआत, 16 तक चलेगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से स्वदेशी मेले का आयोजन भोपाल के एमवीएम साइंस कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। भोपाल शहर में स्वदेशी मेला 6 नवंबर से शुरू होगा और 16 नवंबर तक चलेगा। इस मेले में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 हजार लोग पहुंचेंगे।

मेले में स्थानीय एवं अन्य कलाकारों द्वारा जनजातीय नृत्य, राजस्थानी नृत्य, नाटक आदि कलाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश में भोपाल, गुना, बैतूल सहित अलग-अलग जिलों में 29 मेले आयोजित किए जाएंगे। राजधानी में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी स्वदेशी जागरण मंच के मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा द्वारा दी गई।

**खास बातें**

- कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे
- स्वदेशी मेले में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 हजार लोग पहुंचेंगे



प्रेसवार्ता में स्वदेशी मेले की जानकारी देते पदाधिकारी

### सभी के अंदर स्वदेशी भाव जागृत करने का कार्य करेगा यह मेला: सीमा

मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि आज हम हर घर को स्वदेशी और हर युवा को उद्यमी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच के इस मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न भाषाई समुदाय के लोग और स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। सभी के अंदर स्वदेशी भाव जागृत करने का कार्य यह मेला करेगा।

### स्थानीय उत्पादकों को मंच प्रदान करना है: साकेत

स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सीईओ साकेत राठौर ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच इस बार मध्यप्रदेश में 29 मेलों का आयोजन करेगा। आज देश में स्वदेशी विमर्श को स्थापित करने की आवश्यकता है, जिसे मेला आमजन तक पहुंचाता है। इसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों को मंच प्रदान करना है। स्वदेशी का भाव स्व का भाव है। मुख्यरूप से मेले में स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पाद आते हैं।

### स्वावलंबन व उद्योगिता के लिए मिलेगी प्रेरणा

*विश्वकर्मा ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा देशभर में इस प्रकार के 600 मेलों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मेले का उददेश्य स्वदेशी को स्थापित करना और स्वदेशी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसके द्वारा युवाओं को स्वावलंबन व उद्योगिता के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य भी पूरा होता है। नई पीढ़ी के बच्चों को स्वदेशी उत्पादन की जानकारी देने के लिए स्कूल-कॉलेजों में संपर्क किया जा रहा है। स्वदेशी से ही देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा।*

### प्रेसवार्ता में यह रहे मौजूद

*प्रेसवार्ता में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सीईओ साकेत सिंह राठौर, स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक सुधीर दांते, मध्य भारत प्रांत मेला प्रमुख अरविंद विश्वरूप, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रान्त महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, संपर्क प्रमुख मध्य भारत प्रांत प्रणव पारे, मेला सहसंयोजक रमन तिवारी मौजूद रहे।*

---

आज मंत्री शाह के जन्मदिन पर घोषणा करेंगे सीएम डॉ. यादव

# सीएम ने नर्मदा में छोड़े छह मगरमच्छ, डॉ. मोहन बोले- जहां इन्हें छोड़ा, वहां सेंचुरी घोषित कर रहे



नर्मदा नदी में मगरमच्छ को छोड़ते सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खंडवा के नर्मदानगर में गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े। इनमें चार मादा और दो नर मगरमच्छ हैं।

इस दौरान मीडिया ने सीएम से पूछा कि क्या मगरमच्छों से आमजन को खतरा नहीं होगा। इस पर उन्होंने कहा कि जहां मगरमच्छ छोड़े, वहां सेंचुरी घोषित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर ओंकारेश्वर अभयारण्य की घोषणा करने की बात कही है। पास ही खड़े मंत्री विजय शाह की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि इनके जन्मदिन के दिन सेंचुरी की घोषणा करेंगे। 1 नवंबर को मंत्री विजय शाह का जन्मदिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुण्य सलिला मां नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को मां नर्मदा में बसाने के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। मगरमच्छों के आवास के लिए मां नर्मदा जी की धारा अत्यंत अनुकूल है। बता दें कि मछुआरा संगठनों ने इस फैसले का विरोध किया है और इसे आजीविका के लिए बड़ा खतरा बताया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि नर्मदा में छोड़े गए 6 मगरमच्छ भोपाल से नर्मदानगर लाए गए थे। यह सभी मगरमच्छ अन्य नदी और तालाब से रेस्क्यू किए गए हैं, जिन्हें इंदिरा सागर डैम के बैक वाटर में छोड़ा गया है। साकल घाट पर पिंजरे से निकलने के एक घंटे तक मगरमच्छ पानी में नहीं उतरे। वनकर्मी ने उन्हें आगे बढ़ाया गया और पानी में छोड़ा गया।

टीकमगढ़ के युवाओं ने व्यक्त किया डॉ. यादव का आभार

## पहली बार की पीपीपी मोड पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की पहल:सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने भारत में पहली बार पीपीपी मोड पर (सार्वजनिक-निजी सहभागिता) चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की पहल की है। धार, पन्ना, कटनी और बैतूल में पीपीपी मोड पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। द्वितीय चरण में 9 जिलों क्रमशः टीकमगढ़, भिंड, मुरैना, खरगोन, अशोकनगर, गुना, बालाघाट, सीधी और शाजापुर में चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की कार्रवाई जारी है। डॉ. यादव टीकमगढ़ में चिकित्सा सुविधा के विस्तार के लिए उनका आभार मानने सीएम हाउस आए युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ की क्षमता बढ़ाते हुए 300 बिस्तर से 500 बिस्तर में उन्नयन तथा इनके संचालन के लिए 160 नवीन पदों के नियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। गत वर्ष टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय में 16 करोड़ रूपए की लागत से अतिरिक्त 100 बिस्तरीय नवीन भवन का निर्माण किया गया है। टीकमगढ़ अस्पताल में अब अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## पासपोर्ट कार्यालय की राजभाषा पत्रिका 'क्षितिज' का विमोचन



सीएम हाउस में पत्रिका का विमोचन करते सीएम

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल की राजभाषा पत्रिका 'क्षितिज' के सातवें संस्करण का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सीएम हाउस में किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्रिका के प्रकाशन के लिए पासपोर्ट कार्यालय के सभी कार्मिको को धन्यवाद दिया। पत्रिका के पिछले संस्करण को विदेश मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत करने पर अपनी शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितान्शु चौरसिया ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास में सीएम से सौजन्य भेंट की। इस दौरान सीएम ने मध्यप्रदेश की जनता को पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल द्वारा प्रदान की जा रही नागरिक सेवाओं की भी सराहना की। इस मौके पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय डॉ. आकांक्षा चौरसिया, रेम्या चौधरी वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा वरुण चौधरी, निजी सचिव, पासपोर्ट अधिकारी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से भेंट कर डिप्टी सीएम शुक्ल ने व्यक्त किया आभार

# रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवा का शुभारंभ, दी शुभकामनाएं

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सतत प्रयासों का परिणाम



सीएम को पुष्पगुच्छ भेट करते उप मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य भेंट कर रीवा एयरपोर्ट से प्रारंभ होने वाली रीवा-दिल्ली एवं रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदेश के सर्वांगीण विकास के इस ऐतिहासिक कदम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास सहित प्रदेश में हर क्षेत्र में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं।

### सड़क, एयर कनेक्टिविटी स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार

*शुक्ल ने कहा कि सड़क, एयर कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में क्षेत्रीय संपर्क सेवाओं का तेज गति से विस्तार हो रहा है, जिससे प्रदेश के विभिन्न अंचलों को नई गतिशीलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि रीवा-दिल्ली एवं रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के प्रारंभ से विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को राजधानी दिल्ली एवं वाणिज्यिक नगरी इंदौर से सीधा हवाई संपर्क प्राप्त होगा, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक, आर्थिक एवं पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी।*

---

# सीआरपीएफ जवान पर नशे में उत्पात मचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



जिले के बांकी मोंगरा थाना के शक्ति चौक कॉलोनी में एक सीआरपीएफ जवान हेमंत सिंह ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। जवान ने मोहल्ले में बोरिंग चलाने को लेकर विवाद शुरू किया और लोगों के साथ मारपीट की।

इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर ने बताया कि आरोपी जवान के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी हेमंत सिंह सीआरपीएफ कोबरा कमांडो में पदस्थ हैं। जवान हेमंत सिंह का विवाद पड़ोस में ही रहने वाले अशोक कुमार के परिवार के साथ हुआ। बताया जा रहा है कि जवान शराब के नशे में पहुंचा इसके बाद अशोक कुमार के घर पर पत्थरबाजी करने लगा परिवार जब बाहर निकला तब उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। घटना की जानकारी 112 और बांकी मोंगरा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुच लड़ाई शांत कराई और शिकायत दर्ज करने को कहा। इस मामले में बाकी मोगरा थाना पुलिस ने शिकायत पर हेमंत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# युवाओं ने लगाई दौड़, एकता और अखंडता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार 31 अक्टूबर को पूरे शहर में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से एकता दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया।

सुबह मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ हुई यह एकता दौड़ गुरुनानक चौक, संजय बाजार, चांदनी चौक, मेन रोड और गोल बाजार से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में 'भारत माता की जय' और 'एकता में ही शक्ति है' के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। प्रतिभागी तिरंगे के रंगों से सजे बैनर और झंडों के साथ दौड़ते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने न केवल शारीरिक फिटनेस का प्रदर्शन किया बल्कि सरदार पटेल के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के विचार को साकार करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

---

एक-डेढ़ घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, कोबरा ने दिखाया रौद्ररूप

# विशालकाय किंग कोबरा देख लोगों के होश उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिला अपनी समृद्ध जैव-विविधता और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। यहां कई बार ऐसे जीव देखने को मिलते हैं जिनसे आम लोग चकित रह जाते हैं। इसी कड़ी में जिले के पासरखेत गांव में विशालकाय किंग कोबरा देख लोगों के होश उड़ गए। अचानक इतने बड़े विषधर सांप को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की टीम को दी गई।

सूचना मिलते ही रेस्क्यूअर जितेंद्र सारथी ने मामले की जानकारी कोरबा डीएफओ प्रेमलता यादव को दी। उनके निर्देश और एसडीओ आशीष खेलवार एवं एसडीओ सुर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में जितेंद्र सारथी अपनी टीम के एम सूरज, सिद्धांत जैन, बबलू मारवा के साथ तुरंत उस स्थान के लिए कोरबा से रवाना रवाना हुए। गांव पहुंचने के बाद सबसे पहले ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर किया गया और फिर तय प्रोटोकॉल के तहत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। करीब एक से डेढ़ घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में किंग कोबरा ने बार-बार फुफकार कर अपना रौद्र रूप दिखाया।



### मौजूद लोगों की थमी रहीं सांसें

*सांप के इस व्यवहार को देख ग्रामीणों की सांसें थम गईं। हालांकि धैर्यपूर्वक और सावधानी से काम करते हुए आखिरकार टीम ने किंग कोबरा को सुरक्षित थैले में डालने में सफलता प्राप्त की। सफल रेस्क्यू के बाद गांव और घर के लोगों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के बाद नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया फिर किंग कोबरा को उसके प्राकृतिक आवास क्षेत्र के घने जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। सांप है जिसकी मादा अपने अंडों के लिए पत्तों का घोसला बनाती है और लगभग तीन माह तक उस घोंसले की रक्षा करती है। यह विशेषता इसके मातृत्व की अनोखी प्रवृत्ति को दर्शाती है।*

### घातक नहीं होता है यह कोबरा

विशेषज्ञों का कहना हैं की किंग कोबरा बिना वजह मनुष्य पर हमला नहीं करता, केवल खतरा महसूस होने पर आक्रामक हो जाता है। यही कारण है कि ऐसे मामलों में लोगों को सांप को मारने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना देनी चाहिए। कोरबा जिले में वन विभाग और नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी लगातार जनजागरूकता और रेस्क्यू अभियानों के माध्यम से यह संदेश दे रहे हैं कि इंसान और सांप का सह-अस्तित्व ही संरक्षण की दिशा में सबसे बड़ी पहल है।

### इस प्रजाति की विशेषताएं

दुनिया का सबसे लंबा विषधर सांप है। इसकी लंबाई 20 फीट तक या इससे भी ज़्यादा हो सकती है। यह अन्य सांपों को खाकर जीवित रहता और विश्व का एकमात्र सांप है जिसकी मादा अपने अंडों के लिए पत्तों का घोसला बनाती है।

---

15 सितंबर तक मांगा था कार्यों का ब्यौरा

# एक माह बाद भी अफसर डब्ल्यूआरडी मंत्री को नहीं दे रहे लोकार्पण व भूमिपूजन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी महकमों में अफसर किस तरह काम कर रहे है इसकी बानगी जलसंसाधन विभाग में देखी जा सकती है।

विभाग के मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेशभर के अफसरों से ऐसे कामों की जानकारी पंद्रह सितंबर तक मांगी थी, जिनका लोकार्पण या भूमिपूजन किया जाना है, लेकिन डेढ़ माह में भी यह जानकारी उन्हें नहीं मिल पाई। अब ईएनसी ने सभी मुख्य अभियंताओं से तल्ख लहजे में एक दिन के भीतर सारी जानकारी देने को कहा है। जलसंसाधन मंत्री की ओर से दस सितंबर को ईएनसी को पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी थी कि प्रदेशभर में कहां-कहां निर्माण कार्य पूरे हो चुके है और उनका लोकार्पण या भूमिपूजन किया जा सकता है।



फाइल फोटो

### सिलावट नाराज, एक दिन में मांगी जानकारी

*एक माह बीत जाने के बाद केवल ग्वालियर, दतिया और सिवनी के मुख्य अभियंताओं ने ही उपूर्ण हो चुके ऐसे कार्यों की जानकारी विभाग को दी जिनका लोकार्पण या भूमिपूजन किया जा सकता है। जानकारी न मिलने पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की तो ईएनसी ने शेष सभी मुख्य अभियंताओं से एक एक के भीतर मांगी गई जानकारी तय फार्मेट पर अनिवार्य रूप से देने को कहा है और इसे ई मेल पर भी भेजने को कहा गया है।*

# प्रदेश में भावांतर योजना के लिए हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई भावांतर योजना-2025 के अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी में मदद के लिए भावांतर हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ की गई है। हेल्पलाइन का दूरभाष नंबर 0755-2704555 है।

योजना के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए किसान, व्यापारी संगठनों, मंडी बोर्ड / मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा के लिए भावांतर हेल्पलाइन कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है। यह हेल्पलाइन 30 अक्टूबर 2025 से निरंतर योजना अवधि तक कार्यरत रहेगी। हेल्पलाइन प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक निरंतर कार्य करेगी। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए कोई भी किसान, व्यापारी अथवा संबंधित व्यक्ति हेल्पलाइन से संपर्क कर सकता है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किसानों, व्यापारियों, हम्माल-तुलावटियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे भावांतर योजना का अधिक से अधिक लाभ लें तथा आवश्यक जानकारी के लिए हेल्पलाइन का उपयोग करें।

बैलों को यूपी के बूचड़खाने ले जाने का आरोप

# पशु तस्करी कर रहे पांच आरोपी गिरफ्तार, ग्रामीण आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

थाना उरगा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से पशुओं की तस्करी कर उनकी जान लेने के लिए ले जा रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह घटना जशपुर जिले से जुड़ी है, जहां पिकअप वाहन में 8 बैलों को उत्तर प्रदेश के बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। इस खुलासे के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर ले जाया जा रहा है, जिससे तस्करी की आशंका थी। सूचना के आधार पर, थाना उरगा पुलिस की टीम ने ग्राम सराईपाली, पंचायत रिवापार में घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान, एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में 7 बैल अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाए गए। पूछताछ में पता चला कि ये लोग बैलों को जशपुर जिले से उत्तर प्रदेश में बूचड़खाने ले जा रहे थे। मौके पर पुलिस ने वाहन को रोककर जांच की तो पाया गया कि मवेशियों के परिवहन के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

# देव उठनी ग्यारस पर घर-घर मड़ई भरेगी आज

## धूमधाम से रचाया जाएगा तुलसी-शालिगराम का विवाह

जबलपुर।

**देवउठनी ग्यारस का पर्व शनिवार को श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। घर-घर में गन्ने की मड़ई बनाकर तुलसी और शालिगराम का विवाह उत्सव मनाया जाएगा। देवउठनी ग्यारस के साथ ही मांगलिक-कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। देवउठनी ग्यारस के दूसरे दिन से ही लगुन, फलदान, विवाह-समारोह, गृह-प्रवेश आदि शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।**



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चातुर्मास प्रारंभ होते ही सभी देवी-देवता विश्राम करने चले जाते हैं और चातुर्मास समाप्त होने पर कार्तिक-पक्ष की ग्यारस तिथि को देव विश्राम कर उठते हैं। इसलिए इसे देवउठनी ग्यारस भी कहा जाता है। देवउठनी ग्यारस पर शालिगराम और तुलसी विवाह होने के बाद ही मांगलिक-कार्य प्रारंभ होते हैं। आज शनिवार को देवउठनी ग्यारस का पर्व मनाने की तैयारियां पूरी हो गई हैं। बाजारों में गन्ने की दुकान सज गई थीं और नये फल-फूल की भरपूर आवक बाजार में हुई। ग्यारस के दिन गन्ने की मड़ई लगाकर उसमें ठण्ड के सीजन की नई फसलें मसलन चने की भाजी, सिंघाड़ा, सीताफल, गन्ना-गड़ेरी, मटर, आंवला, शकला आदि धन-धान्य की पूजा की जाती है और इसी मड़ई में माता तुलसी और भगवान शालिगराम का विवाह भी रचाया जाता है। मड़ई की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### एक महीनें में दो एकादशी


एक महीने में दो एकादशी तिथियां पड़ती हैं। एक एकादशी कृष्ण पक्ष में पड़ती है और एक एकादशी शुक्ल पक्ष में पड़ती है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी काफी महत्वपूर्ण होती है। इसी दिन देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन विष्णु भगवान 4 महीने की योगनिद्रा के बाद जागते हैं और इस दिन से मांगलिक कार्य चार माह बाद फिर से शुरू हो जाते हैं। इसे देवप्रबोधनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।

### विष्णु भगवान योगनिद्रा से 4 माह बाद उठते है

देवउठनी एकादशी को लेकर लोगों का मानना है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने के बाद जागते हैं। इसी दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप से मां तुलसी के पौधे से उनका विवाह होता है। देवउठनी एकादशी को तुलसी विवाह उत्सव भी कहा जाता है। देवउठनी एकादशी के बाद सभी तरह के शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं,

### इस बार 21 नवंबर से शुरु होंगे शादी के मुहूत

देवउठनी ग्यारस के दिन भगवान लक्ष्मीनारायण का पूजन करना चाहिए, लेकिन गलती से भी कभी मां लक्ष्मी को तुलसी नहीं अर्पित करनी चाहिए। इस साल देव उठनी एकादशी के दिन से शादी का शुभ मुहूर्त नहीं है। 21, 22 23 24, 25, 29 और 30 नवंबर को है, वहीं दिसंबर माह में शादी का शुभ मुहूर्त 1, 4, 5 और 6 दिसंबर को है।



# श्री राम जन्म भूमि अयोध्या मंगल दीप यात्रा आज

**देव उठनी ग्यारस पर प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में 11000 दीप जलाएगी भाजपा**

**जबलपुर।** भाजपा कार्यकर्ता 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार को अयोध्या यात्रा के लिए रवाना हुए, इनका निरंतर 6वां वर्ष है यात्रा का। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में 11000 दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे, देव उठनी ग्यारस पर सरयू नदी के तट पर पूजन अर्चन कर दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे एवं आतिशबाजी की जायेगी। सभी भक्तगणों से आग्रह है कि अपने-अपने घरों का एक दीप हमें प्रदान करें ताकि देव उठनी ग्यारस के दिन श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में आपके परिवार की सुख-समृद्धि की हम सब राम भक्त प्रभु के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर कामना कर सकें। विगत 5 वर्षों से यात्रा करने वाले रामभक्त हैं- जितेन्द्र कटारे (पार्षद), नरेश पटैल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, अभय नायक, राजीव वेटिया, कृष्ण कुमार उमरे, अतुल दुबे, वीरु पटेल, नररु पटेल, विकाश लोधी, रविकांत साहू, देव कुररिया, मनोज जैन, संजय जायसवाल, देवी गुप्ता, चित्रकांत शर्मा, दिलीप गर्ग, अनिल चौबे, रुपेश श्रीवास्तव, विवेक पटेल, राजू रजक, मनोज साहू, अजय केवट, सोनू साहू, कमलेश चौधरी, हर्ष श्रीवास, राकेश गोल्हानी, दसई चक्रवर्ती, आशीष विश्वकर्मा, आनंद यादव, संजू साहू, रामनरेश बडगैया, अभिषेक अवस्थी, छोटू नामदेव, मनोज वाल्मीकि, सहित अन्य आग्रह है कि जिन भी श्रद्धालुओं को अपने परिवार का दीप प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में प्रज्जवलित करना है वे वरिष्ठ भाजपा कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।



# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा की सफलता के लिए 900 फुट चुनरी का किया पूजन

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 468 वी नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ की सफलता के लिए बगलामुखी मंदिर के ब्रह्मचारी चैतन्य नंद गिरी महाराज के सानिध्य में 900 फुट की चुनरी का पूजन ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान मंत्रोउच्चार से संपन्न हुआ। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने कहा जो भक्त पूरी परिक्रमा नहीं कर पाते हैं वह पंचकोषी परिक्रमा करके पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं बगलामुखी मैया का विशेष पूजन अर्चन किया गया। चुनरी वैनगंगा नर्मदा मैया सरस्वती संगम हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के सामने अर्पित की जाएगी ज्ञात हो 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा प्रातः 8:30 बजे संत महात्मा एवं देश के सहित परिवारों के सानिध्य में परिक्रमा निकाली जाएगी। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल। संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकरपटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद ने दी।

# शक्तिभवन में इंडियन काफी हाउस का हुआ उद्घाटन

## आगंतुक को सम्मान व आत्मीयता मिलेगी : राजगोपलन

**जबलपुर।** विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में शुक्रवार को इंडियन काफी हाउस का उद्घाटन पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने किया। इस अवसर पर पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्नकिल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर, पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप, पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता सहित समस्त विद्युत कंपनियों के वरिष्ठ अभियंता व कार्मिक उपस्थित थे।



**ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई**

विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में काफी हाउस की सुविधा प्रारंभ होने पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी कार्मिकों को बधाई दी। एमडी अविनाश लवानिया की रुचि व पहल से शुरु हुआ। इंडियन काफी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष डा. ओके राजगोपालन, सेक्रेटरी एम प्रकाशन व सीनियर जनरल मैनेजर वीएम बाबू ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ) द्वारा शक्तिभवन में काफी हाउस को प्रारंभ करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंडियन काफी हाउस सिर्फ बैठकर खाने का स्थान नहीं है बल्कि यहां सजीव वातावरण में आगंतुक को सम्मान व आत्मीयता मिलती है। उन्होंने कहा कि शक्तभिवन में शाखा में इंडियन काफी हाउस की 68 वर्ष की परंपरा को पूरी तरह से निभाया जाएगा।




# पमरे ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित किए विविध कार्यक्रम

**जबलपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पश्चिम मध्य रेलवे में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेल सौरभ अधिकारी क्लब में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसे प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार और प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में अजय कुमार दीक्षित, राहुल श्रीवास्तव, एच. एस. मीना सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन संजय कुमार व अभय कुमार गुप्ता ने किया।

# सिंधी समाज और मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** रायपुर में अमित बघेल ने झूलेलाल भगवान (सिंधिया के इष्ट भगवान) को और अन्य भगवानों पर अपशब्द और अभद्र टिप्पणी की थी, इसके विरोध में सिंधी समाज और मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने केंट थाना जबलपुर में कड़ी कार्यवाही और एफ़आईआर करने ज्ञापन दिया। पूरा समाज आक्रोश में है यदि कार्यवाही नहीं होती तो पूरे देश में उग्र प्रदर्शन सिंधी समाज द्वारा होगा। केंट टीआई ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसमें हरीश केशवानी (अध्यक्ष व्यापारी संघ), डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), विनय रोहानी, एड. भावना निगम, भगत राम बुधरानी, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. अभिषेक जैन, शंकर बेलनी, अमित टेकवानी, यश रत्नानी, दिनेश हिरणी, साजन रत्नानी सहित सैकड़ों अन्य समाज के लोग उपस्थित हुए।



### अंजुमन इस्लामिया इंग्लिश मीडियम स्कूल ने साप्ताहिक अवकाश बदला

**जबलपुर।** अंजुमन इस्लामिया इंग्लिश मीडियम स्कूल मढ़ाताल में अब शुक्रवार के स्थान पर पूर्व की भांति रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। विदित हो कि नवीन सत्र 2025-26 में संचालन समिति ने अपने एक निर्णय में साप्ताहिक अवकाश में परिवर्तन किया था जो कि अब फिर से अपने पूर्व साप्ताहिक अवकाश रविवार को ही घोषित कर दिया गया है।

# अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह 5 को

**जबलपुर।** साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था मित्रसंघ के संस्थापक जबलपुर पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा दैनिक जयलोक के संस्थापक अजित वर्मा की स्मृति में पत्रकारिता पुरस्कार समारोह 05 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे होटल समदड़िया बराट रोड में मित्रसंघ द्वारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में आशीषदाता ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज रहेंगे। मुख्य अतिथि राकेश सिंह लोक निर्माण मंत्री, अध्यक्षता महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू तथा विधायक अजय विश्नोई, लखन घनघोरिया, अभिलाष पांडे तथा पूर्व विधायक विनय सक्सेना विशिष्ट अतिथि रहेंगे।



# संत नामदेव जयंती पर भव्य शोभायात्रा आज

जबलपुर।

अपनी प्राचीन परंपरा को कायम रखते हुए देवउठनी एकादशी एवं संत शिरोमणी नामदेव महाराज की 755वीं जयंती पर श्री नामदेव आश्रम ट्रस्ट गढ़ाफाटक एवं मप्र नामदेव नवयुवक सभा, नामदेव जागृत महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 30वें वर्ष संत नामदेव जयंती का मुख्य समारोह नामदेव गढ़ाफाटक में 01 नवम्बर को पूर्वान्ह 11.30 बजे हवन-पूजन के साथ प्रारंभ होगा, तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नामदेव भवन गढ़ाफाटक से बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद चौक, मावलीय चौक होते हुए सुपर मार्केट, लार्डगंज चौक से घमंडी चौक होते हुए वापस गढ़ाफाटक नामदेव भवन पहुंचकर संपन्न होगी, तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। शोभायात्रा में उपस्थिति की अपील शैलेष सतीश नामदेव, एड. भोजराज नामदेव, सीताराम नामदेव, नारायण नामदेव, सोमनाथ नामदेव, विकास, विजय, अशोक, सुशील, योगेश, आनंद, नितेश, पुरुषोत्तम नामदेव, नामदेव नवयुवक सभा के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज नामदेव, अनूप नामदेव, राजेश, नागेन्द्र, यतेन्द्र नामदेव, महिला संगठन से मीराबाई नामदेव, सुजाता नामदेव, मोना नामदेव, अन्नपूर्णा नामदेव, किरण, कुसुम, शकुन्तला, आरती, राधाबाई नामदेव सहित अन्य ने की है।



# स्वर्णकार सोशल ग्रुप सोनी वेलवेयर सोसायटी का दीपावली मिलन संपन्न

**जबलपुर।** स्वर्णकार सोशल ग्रुप सोनी वेलवेयर सोसायटी के द्वारा दीपावली मिलन समारोह समदड़िया मॉल जलसा लॉन में दीप उत्सव के साथ भगवान लक्ष्मी-गणेश के सामने दीप प्रज्जवलित कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथि सुरेश सराफ, विनोद सोनी ने दीप प्रज्जवलित किया, तत्पश्चात सोशल ग्रुप के दम्पति सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई दी। इस मौके पर सोनी वेलफेयर के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान शॉल, श्रीफल देकर किया गया। महिलाओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली सजाई तथा नववर्ष की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में एड. सुनील राजश्री सोनी, सुशील कामिनी सोनी, महेन्द्र विमलेश सराफ, संतोष मनीषा, महेन्द्र सीमा छनिया, राजू रत्ना सोनी, अशोक कल्पना सोनी, प्रमोद पुष्पा सराफ, मिलन रागिनी सोनी, पंकज गुंजा सोनी, सुनील संगीता सोनी, कन्हाई निशा सोनी एवं सोनी वेलफेयर सोसायटी के सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित रहे। मंच संचालन एड. सुनील सोनी, अशोक शिवगंगा ने एवं आभार प्रदर्शन महेन्द्र छनिया, संतोष देवांश ने किया।




# कर्मचारी आयोग बनेगा, समय पर दिए जाएंगे सभी लाभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मिलन समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए कर्मचारी आयोग बनाया जाएगा, वेतन विसंगति जैसी समस्याएं दूर होंगी, पुलिस कल्याण आयोग बनाया जाएगा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भर्ती होगी, सभी विभाग के सरकारी कर्मचारियों की भर्ती परीक्षा एक साथ होगी। उन्होंने अन्य समस्याओं पर एवं 3% शेष महंगाई भत्ता पर जल्द निर्णय लेने के संकेत दिए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, धनराज सिंह ब्रछलिया, रजनीश पांडेय, योगेन्द्र मिश्रा, सुशील गुप्ता, राजाराम डेहरिया, अरुण पटेल, राजू मस्के, सतीश बरकडे, नेतराम झरिया, महेश कुलस्ते, अजीत वर्मा, अमित शुक्ला, प्रशांत सोनिया, नरेश शुक्ला, बृजेश मिश्रा, आकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# दीपावली पर्व पर मालपानी परिवार ने ग्राम नटवारा में आयोजित किया कार्यक्रम

**जबलपुर।** दीपावली के पावन पर्व की श्रृंखला में आज मालपानी परिवार द्वारा ग्राम नटवारा में अनेक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। इस कार्यक्रम का आरंभ स्व. मधुसूदनदास मालपानी को स्मरण कर, उनके श्री चरणों में नमन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कुछ बच्चों ने चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लिया, कुछ बच्चियों ने मेंहदी प्रतियोगिता में लिया हिस्सा, कुछ ने दिया सजावट में भाग लिया और कुछ ने रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने अपनी कला से अतिथियों का मन मोह लिया। इसके साथ ही त्रिभुवनदास मालपानी हायर सेकंड्री स्कूल के बच्चों को उनके अच्छे परीक्षा परिणाम लाने के लिए पुरस्कार भी दिया गया, जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के बच्चों का सम्मान किया गया, ताकि वे भविष्य में भी इसी तरह अपनी शिक्षा क्षेत्र में अच्छे परिणाम लाने प्रयासरत रहें। इसी तरह खेल के क्षेत्र में जो हमारी बेटियां अपना योगदान दे रही हैं, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में जीत का गौरव प्राप्त किया है, ऐसी 14 खिलाड़ी बेटियों को आज यहां मालपानी परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही नटवारा की बच्चियों ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जिन दिव्यांगजनों को मालपानी परिवार द्वारा पैर लगवाए गए, उन दिव्यांगों ने अपने योग प्रदर्शन से सभी का हृदय जीत लिया, जिन महिलाओं ने मालपानी परिवार द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से सिलाई सीखी, उन महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। मालपानी परिवार ने ग्राम नटवारा के उत्थान और विकास के लिए स्वयं को पूर्ण निष्ठा से समर्पित किया है और परिवार के सभी सदस्य कृष्णा मालपानी, अर्पिता मालपानी और श्रद्धा मालपानी, सतत प्रयासरत रहते हैं, इस नटवारा गाँव के विकास और उत्थान के लिए, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुष्मिता बनर्जी और प्रियंका कलचुरी उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर सरपंच श्रीकांत अग्निहोत्री, शाहपुरा TI प्रवीण सिंह दुर्वे, सीमा खटवानी और नेहा अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही मालपानी परिवार से कृष्णा मालपानी और श्रद्धा मालपानी भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता और कार्यक्रम का संचालन प्रवीण सिंह और श्रीमति मोनिका परमार द्वारा किया गया।




**नाम सुधार सूचना**

मैं शुभा पाटकार Shubha Patkar पति श्री अमित पाटकार उम्र 45 वर्ष, निवासी- म.नं. फ्लेट 2601 कृष्णा हाईटस, ग्वारीघाट रोड जबलपुर म.प्र. 482001 आधार कार्ड नं. 8281 7689 4606 निम्न लिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। मेरे पासपोर्ट, नं. AE738548, पैन कार्ड, समग्र आई डी, आधार कार्ड, व अन्य सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम शुभा पाटकार Shubh Patkar दर्ज है, जो कि सही है। मेरे पति अमित पाटकार के पासपोर्ट नं. AE738546 में मेरा नाम शोभा पाटकार Shobha Patkar लिख गया है जो कि गलत है। यह कि मेरा सही नाम शुभा पाटकार Shubha Patkar है जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

मेरा सही नाम
शुभा पाटकार (Shubha Patkar)
गलत नाम
शोभा पाटकार (Shobha Patkar)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जिला जबलपुर**

मध्यप्रदेश शासन पर्यटन विभाग का पृ. क्र. 5725/2025, भोपाल दिनांक 21/07/2025

// आम इश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कि म.प्र. शासन पर्यटन विभाग के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर प.ह. जबलपुर तहसील अधारताल, जबलपुर के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 103 का रकवा 0.607 हे. भूमि पर्यटन विभाग म.प्र.शासन के पक्ष में हस्तांतरण / आबंटन हेतु भूमि की मांग की गई है।

अत: उपरोक्त भूमि स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति न्यायालय में पेशी दिनांक 14/11/2025 तक उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/10/2025 को इश्तहार जारी किया गया।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/10/2025
पेशी दिनांक-14/11/2025

मुद्रा

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I UMARAVATI DEVI Mother of 4582937W Rank L/NK GOUTAM PATHAK, presently Residing at- VILL & P.O. BARAHARA, DIST-BHOJPUR(ARA), STATE-BIHAR PIN CODE-802311, I have changed of my name from UMARAVATI DEVI (name as per my Son army service records) to UMARAWATI DEVI (name as per my AADHAR CARD) vide Affidavit dated in 31/10/2025 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.

CORRRECT NAME
UMARAWATI DEVI
INCORRRECT NAME
UMARAVATI DEVI

**नाम सुधार सूचना**

मै, भुनेश्वर प्रसाद पिता भागवत प्रसाद, उम्र 50 वर्ष, निवासी-ब्लॉक सी फोर्थ फ्लोर एफआर-3, सत्यमेव जयते परिसर, अपार्टमेंट, तहसील चौक के पास, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ। मेरा ड्रायविंग लायसेंस क्र. MP12010001 5376 है, जिसकी वैद्यता दिनांक 30.06.2010 से 15.11.2033 तक है। मेरे ड्रायविंग लायसेंस मेरा नाम त्रुटिवश BHUNESHWAR PRASAD DONGRE एवं पिता जी का नाम B.P. DONGRE दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम BHUNESHWAR PRASAD एवं पिता जी का सही नाम BHAGWAT PRASAD है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। मेरे नए ड्रायविंग लायसेंस में मेरा सही नाम BHUNESHWAR PRASAD व पिता जी का सही नाम BHAGWAT PRASAD दर्ज की जाए। उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

# जबलपुर में संघ की तीन दिवसीय कार्यकारी मंडल बैठक का दूसरा दिन

## संघ प्रमुख ने कहा- 'मतांतरण' से न केवल धार्मिक आस्था अवरुद्ध होती है बल्कि समाज की अस्मिता भी नष्ट हो जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और श्री गुरुतेगबहादुर जी ने निर्भयता और धर्म रक्षा का भाव जागृत किया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत के गौरवशाली स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों व योद्धाओं की एक दीर्घ परंपरा रही है और उनका योगदान अविस्मरणीय रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का इस स्वतंत्रता संग्राम के श्रेष्ठतम नायकों, योद्धाओं में विशेष स्थान है। 15 नवंबर 1875 को उलीहातु (झारखंड) में जन्मे भगवान बिरसा का यह 150 वां जन्म वर्ष है। अंग्रेजों और उनके प्रशासन द्वारा जनजातियों पर किए जा रहे अत्याचारों से त्रस्त होकर उनके पिता उलीहातु से बंबा जाकर बस गए। लगभग 10 वर्ष की आयु में उन्हें चाईबासा मिशनरी स्कूल में प्रवेश मिला। मिशनरी स्कूलों में जनजाति छात्रों को उनकी धार्मिक परंपराओं से दूर कर ईसाई मत में मतांतरित करने के षड़यंत्र का उन्हें अनुभव आया। मतांतरण से न केवल व्यक्ति की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना अवरुद्ध होती है बल्कि धीरे-धीरे समाज की अस्मिता भी नष्ट हो जाती है। डॉ. भागवत ने कहा कि केवल 15 वर्ष की आयु में ईसाई मिशनरियों के षडयंत्रों को समझते हुए उन्होंने समाज जागरण के द्वारा अपनी धार्मिक अस्मिता और परंपराओं की रक्षा के लिए संघर्ष प्रारंभ कर दिया।


बैठक में संघ के प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारी


संघ प्रमुख डॉ. भागवत और होसबाले

### जनजाति समुदाय को लेकर गलत विमर्श खड़ा करने का प्रयास

संघ का मानना है कि वर्तमान काल में विभाजनकारी विचारधारा के लोगों द्वारा भारत के संदर्भ में जनजाति समुदाय को लेकर एक भ्रांत और गलत विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे समय में भगवान बिरसा पर मुंडा की धार्मिक और साहसिक पराक्रम की गाथाएं अनेकानेक भ्रांतियों को दूर करते हुए समाज में स्वबोध, आत्मविश्वास और एकात्मता को दृढ़ करने में सदैव सहायक सिद्ध होगी।

### श्री गुरुतेगबहादुर जी - भारतीय परंपरा के दैदीप्यमान नक्षत्र

### सिर झुकाने के स्थान पर आत्मोत्सर्ग का मार्ग स्वीकार किया

सिख परंपरा के नवम गुरु, श्री गुरुतेगबहादुर जी की शहादत के 350 वें प्रेरणादायी दिवस पर इस वर्ष विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं सहित भारत के सम्पूर्ण समाज द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। संघर्ष के उस कालखंड में भारत का अधिकांश भू-भाग विदेशी शासक औरंगजेब के क्रूर अत्याचारों से त्रस्त था। सम्पूर्ण भारतवर्ष में अनादिकाल से चली आ रही धर्माधिष्ठित संस्कृति एवं आस्थाओं को नष्ट करने हेतु बलपूर्वक मतांतरण किया जा रहा था। उसी कालखंड में कश्मीर घाटी से समाज के प्रमुख जन एकत्र होकर पं. कृपाराम दत्त के नेतृत्व में श्री गुरुतेगबहादुर जी के पास मार्गदर्शन हेतु आए। श्री गुरुजी ने परिस्थिति की भीषणता को समझते हुए समाज की चेतना एवं संकल्प शक्ति को जगाने हेतु निज के देहोत्सर्ग का निश्चय किया।

# पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह की तैयारियाँ पूर्ण, राष्ट्रपति मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि

## पतंजलि विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 2 नवम्बर को

हरिद्वार।

पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार एक बार फिर ज्ञान, संस्कृति और साधना के संगम का साक्षी बनने जा रहा है। विश्वविद्यालय अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह की भव्य तैयारियों में जुटा हुआ है, जो आगामी 2 नवम्बर 2025 को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगा।इस अवसर पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगी और विद्यार्थियों को प्रेरणादायी दीक्षांत संबोधन देंगी। समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव तथा पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण अपने मार्गदर्शन



और सान्निध्य से समारोह की गरिमा बढ़ाएँगे।इस पावन अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।इस समारोह में 54 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, साथ ही 62 शोधार्थियों को पीएच.डी., 3 विद्वानों को डी.लिट. की उपाधि तथा 744 स्नातक एवं 615 परास्नातक विद्यार्थियों सहित कुल 1424 विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी।

यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण होगा, बल्कि पतंजलि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा का एक स्वर्णिम अध्याय भी सिद्ध होगा।

ज्ञान, योग और भारतीय संस्कृति के आदर्शों पर आधारित पतंजलि विश्वविद्यालय अपनी अकादमिक उत्कृष्टता और वैदिक परंपरा के समन्वय के लिए निरंतर अग्रसर है। द्वितीय दीक्षांत समारोह इसी दिशा में एक और प्रेरणादायी मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल में भर्ती हुए 89 वर्षीय धर्मेंद्र

मुंबई। बॉलीवुड के वेटरन अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 89 वर्षीय अभिनेता के अस्पताल में भर्ती होने की खबर सामने आते ही फैंस चिंतित हो गए हैं। उनके करीबी पारिवारिक सूत्रों ने आश्वस्त किया किकोई गंभीर बात नहीं है और यह उम्र से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी रुटीन जांच है।



### वित्त मंत्री सीतारमण का भूटान दौरा रद्द

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूटान की आधिकारिक यात्रा पारो में खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई है। वित्त मंत्री पड़ोसी देश के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए गुरुवार को भूटान की 4 दिनी आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थीं। वे भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रही थीं। खराब मौसम के कारण दौरे को रद्द करना पड़ा है।



### पीएम छग विधानसभा का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार, एक नवंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए



भवन का उद्घाटन करेंगे। इसे ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा पर बनाया गया है। प्रधानमंत्री सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 14,260 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी करेंगे।

## ये कैसा मौसम : तीन दर्जन जिलों में बूंदाबांदी, बारिश के साथ बढ़ी ठंड

## तीन दिन से नजर नहीं आया सूरज, बादलों में छिपाया

# एक साथ तीन सिस्टम एक्टिव, बारिश और बादलों से गिर गया दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दिन से बादल और बारिश के असर के साथ शुक्रवार को इसका असर बढ़ गया। सुबह से ही बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार और रतलाम में तेज बारिश दर्ज की गई। यहां रुक-रुककर दिन भर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने शनिवार को भी इन जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ प्रदेश के एक दर्जन जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं।

इधर बारिश और बादलों की वजह से अधिकतर जिलों में दिन का पारा 23 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। पिछले तीन दिनों से सूरज भी नजर नहीं आया है। एक साथ तीन सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी है। इस वजह से दिन के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट देखने को मिल रही है। कई शहर ऐसे हैं, जहां दिनका तापमान 23 डिग्री से नीचे आ गया है।

*मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले सर्दियों के मौसम में 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड का अहसास हो सकता है*

### एक दर्जन शहरों में 23 डिग्री से नीचे आया पारा

**शनिवार को बड़वानी अलीराजपुर झाबुआ, धार रतलाम में भारी बारिश का अलर्ट**


भोपाल के एमपी नगर में धुंध, शाम 5 :30 बजे


जबलपुर में बारिश हुई

### नवंबर-जनवरी में पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

*नवंबर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाता है, जो जनवरी तक रहता है। इस बार फरवरी तक ठंड का असर रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले सर्दियों के मौसम में 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड का अहसास हो सकता है। सर्दियों के दौरान इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश देखने को मिल सकती है।*

### आज भी बदला रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि शनिवार को झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश होने की चेतावनी जारी की है। उत्तरी हिस्से में तीन सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है।

### भोपाल में दिन भर होती रही बूंदाबांदी

भोपाल में दिनभर रिमझिम पानी गिरता रहा, जिससे दिन में भी ठंड का अहसास रहा। इसके साथ ग्वालियर, पचमढ़ी, शिवपुरी, रायसेन, नर्मदापुरम, टीकमगढ़, निवाड़ी, छिंदवाड़ा, दमोह, छतरपुर के खजुराहो, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश हुई।

### जबलपुर व खरगोन में सबसे ज्यादा गिरा पानी

पिछले 24 घंटे के दौरान 35 से अधिक जिलों में बारिश हुई। जबलपुर-खरगोन में सबसे ज्यादा 45 मिली मीटर पानी गिर गया। दतिया में 37 मिमी, धार में 25 मिमी, गुना-रीवा में 20 मिमी, सागर, खंडवा, उमरिया, मंडला-पमचढ़ी में 13 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## उत्तर प्रदेश के नव-विकसित हवाई अड्डे बने शोपीस : डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी

### सरकार की नाकामी उजागर


**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि "नव उद्घाटित हवाई अड्डों को विकास के प्रतीक बताने वाली सरकारें आज उन्हें उपेक्षा का प्रतीक बना चुकी हैं।" उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले दो वर्षों में जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये खर्च कर जिन हवाई अड्डों का उद्घाटन बड़े तामझाम से किया गया था, वे आज व्यावहारिक रूप से ठप पड़े हैं। श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आज़मगढ़ और मुरादाबाद जैसे हवाई अड्डों पर एक भी नियमित वाणिज्यिक उड़ान संचालित नहीं हो रही है। डॉ. तिवारी ने बताया कि "मार्च 2024 से शुरू की गई लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़ और आज़मगढ़ की उड़ानें आज शेड्यूल से पूरी तरह गायब हैं। अगस्त 2024 में शुरू हुआ मुरादाबाद हवाई रूट भी बंद पड़ा है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार की UDAN योजना केवल उड़ान के नाम पर उड़ान बनकर रह गई है।" उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल जनता के साथ धोखा है, बल्कि यह सरकार की विफल योजना क्रियान्वयन और अव्यवस्थित विमानन नीति का जीता-जागता प्रमाण है। हवाई अड्डे तैयार हैं, ढांचे बने हैं, परंतु जनता को सुविधा नहीं मिल रही, यह सरकार के "विकास के ढोंग" को उजागर करता है। डॉ. तिवारी ने यह भी कहा कि जब तक इन हवाई अड्डों पर नियमित वाणिज्यिक उड़ानें बहाल नहीं होतीं, तब तक यह परियोजनाएँ केवल राजनीतिक शोपीस बनकर रहेंगी। उन्होंने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार तुरंत हवाई सेवाओं की पुनर्बहाली की समयसीमा घोषित करें, स्थानीय यात्रियों की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार रूटों का पुनर्गठन करें और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करे। "इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी" का मानना है कि विकास केवल उद्घाटन समारोहों से नहीं, बल्कि आम जनता को सतत सुविधा मिलने से होता है।उत्तर प्रदेश में ठप पड़े हवाई अड्डों की स्थिति बताती है कि सरकार ने "विकास" को प्रचार का माध्यम बना दिया है, न कि जनता के अधिकार का आधार।



### डबरा की स्लीपर फैक्ट्री में स्लैब गिरा

## एक मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**डबरा।** ग्वालियर जिले के डबरा स्थित आंतरी क्षेत्र की एक स्लीपर फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर की स्लैब गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। देर रात प्रशासन की मध्यस्थता के बाद समझौता होने पर मामला शांत हुआ। आंतरी थाना क्षेत्र के आंतरी-मकोड़ा मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास बनी स्लीपर फैक्ट्री में शुक्रवार को हादसा हुआ। लखनौती निवासी शिवम पिता भवानी सिंह (24) अपनी ड्यूटी पर था, तभी अचानक एक भारी स्लैब उसके ऊपर गिर गया। हादसे में शिवम गंभीर घायल हो गया।उसे तत्काल ग्वालियर के जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।


■ फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

### अजहर जुबली हिल्स सीट से हार गए थे

## पूर्व कप्तान अजहरुद्दीन तेलंगाना में बने मंत्री, अब कुल 16 मंत्री

**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन कभी राष्ट्रीय टीम की कमान संभालते थे और अब वह तेलंगाना सरकार का हिस्सा बन गए हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अजहरुद्दीन के शामिल होने के साथ मंत्रिमंडल में अब कुल 16 सदस्य हो गए हैं, जबकि दो और पद खाली हैं। विधानसभा के आकार के अनुसार तेलंगाना में अधिकतम 18 मंत्री हो सकते हैं। अजहरुद्दीन को अगस्त के अंतिम सप्ताह में राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद का सदस्य नामित किया गया था।


■ राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने शपथ दिलाई

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास एकता नगर में शानदार परेड

## मप्र समेत 11 राज्यों की पुलिस टुकड़ियां शामिल रहीं पीएम ने पैदल सफर कर किया लोगों का अभिवादन


लोगों ने 'मोदी-मोदी, भारत माता की जय, जय श्री राम' के नारे लगाए

एजेंसी ▶▶ एकता नगर (केवड़िया)

पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में देश ने भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। इस मौके पर एक शानदार परेड हुई जिसमें भारत की अनेकता में एकता और महिला सशक्तीकरण को दिखाया गया। इस कार्यक्रम की खास बात महिला अधिकारियों की एक्टिव लीडरशिप थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी टुकड़ियों से सलामी ली।

### अब सांसें बताएंगी आपको कैंसर तो नहीं

## दुनिया के पहले 'ब्रीदिंग टेस्ट' से लाखों लोगों की बचेगी जान

यह परीक्षण सांस में मौजूद वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के संयोजन का पता लगाता है

काम की खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्नाशय कैंसर के बढ़ते जोखिमों को देखते हुए समय रहते इसका पता लगाने के लिए दुनिया का पहला सबसे सस्ता श्वसन परीक्षण विकसित किया है, जो हजारों लोगों की जान बचा सकता है। साल 2022 के आंकड़ों के मुताबिक इस साल लगभग 2 करोड़ नए मामले सामने आए और 97 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। नए मामलों के हिसाब से फेफड़े, स्तन और कोलोरेक्टल कैंसर सबसे आम हैं। इतना ही नहीं फेफड़ों का कैंसर इस रोग से होने वाली मौतों का प्रमुख कारण भी है। अनुमान बताते हैं कि साल 2050 तक नए मामलों की वार्षिक संख्या बढ़कर 3.5 करोड़ तक पहुंच सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खराब लाइफस्टाइल, बढ़ता माइक्रोप्लास्टिक, खानपान में गड़बड़ी और मोटापे ने कैंसर के जोखिमों को काफी बढ़ा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी के हालिया आंकड़ों के अनुसार हर साल करीब 1 करोड़ लोगों की मौत कैंसर के कारण हो सकती है।


फाइल फोटो

### सीएम डॉ. यादव ने पटना की दिगा विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया

# एनडीए की जीत की इबारत लिख रहा चुनावी माहौल

नीतीश सरकार ने दूर किया 55 सालों का पिछड़ापन ▶▶ राजा भोज के काल में भी बिहार और मप्र के संबंध रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को पटना की दिगा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार और पटना का चुनावी वातावरण एक अलग करवट ले रहा है। जैसे-जैसे चुनाव परवान चढ़ रहा है, बिहार का चुनावी माहौल एनडीए की जीत की इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस की तैयारी कर रहा है, एनडीए के पक्ष में बिहार में यह वातावरण उस विकास के कारण है।


चुनाव प्रचार के दौरान सीएम के साथ एनडीए प्रत्याशी सहित अन्य नेता

### इंडी गठबंधन के नेताओं ने किया बिहार का अपमान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं, जो अपना हर वादा निभाते हैं, लोकतंत्र का सम्मान करते हैं। दूसरी तरफ हैं एक ही परिवार के नेता, जो चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से एक की दादी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र का गला घोटा था। उनका अपनी वाणी पर नियंत्रण नहीं है, पता नहीं क्या-क्या बोलते हैं। वर्तमान के नेता प्रतिपक्ष ऐसी भाषा बोलते हैं, जिससे हर कोई शर्मसार हो जाए। वे बिहार में आकर छठ मैया का अपमान करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार को छोटा-मोटा राज्य बताते हैं। 6 नवंबर को इतने जोर से कमल का बटन दबाएं कि भले ही बटन टूट जाए लेकिन इन्हें सबक सिखाना है।

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बोले

# नए युद्ध क्षेत्र में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता भी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध अब तेजी से संपर्क रहित होते जा रहे हैं। इसलिए इसके जवाब में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है। यह बात उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका थिंक टैंक, प्रयोगशालाओं और युद्धक्षेत्र जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में होनी चाहिए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सेना के अधिकारियों, छात्रों और रक्षा विशेषज्ञों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग: यंग लीडर्स फोरम' के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम को कर्नल सोफिया कुरैशी ने भी संबोधित किया।

*नए आइडिया और इनोवेशन मुश्किल हालात से निकलते हैं*

*ज्यादा आराम और सुविधाएं दिमाग को सुस्त बना देती हैं*

### गलत सूचना बड़ी चुनौती



सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से 'चाणक्य डिफेंस डायलॉग : यंग लीडर्स फोरम' में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने युवाओं को देश की सुरक्षा चुनौतियों और नए युद्ध क्षेत्र का केंद्र बताया। उन्होंने पारंपरिक दुश्मनी, आतंकवाद, प्रॉक्सी वॉर और अंदरूनी ताने-बाने को तोड़ने वाली 'गलत सूचना' को बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध अब तेजी से 'नॉन-काइनेटिक' और 'नॉन-कॉन्टैक्ट' होता जा रहा है। यानी बिना आमने-सामने आए, दिमाग, डेटा और तकनीक से दुश्मन को मात देने का समय है। इसके लिए सिर्फ हथियारों की ताकत ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, तकनीकी और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है।

### स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स हमारी ताकत

*थल सेनाध्यक्ष ने युवाओं से कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जो साबित करते हैं कि उम्र कभी भी योगदान को सीमित नहीं करती। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में, आप में से कई लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे होंगे। कुछ युवा मिलिट्री ऑफिसर हैं, कुछ एनसीसी कैडेट हैं, कुछ सिविल डिफेंस में हैं, कुछ ड्रोन लैब में हैं, और कुछ सोशल मीडिया वॉरियर्स हैं। हमारे स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स हमारी ताकत के सबसे बड़े साधनों में से एक हैं।*

### युवा भारत की ताकत

जनरल द्विवेदी ने कहा कि डिजिटली माहिर, सामाजिक रूप से जागरूक, और विश्व स्तर पर कनेक्टेड, वे अनुशासन और दिशा से निर्देशित होकर भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही जुनून और मकसद का मेल है। हम, वर्दी पहने हुए पुरुष और महिलाएं, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में आप पर निर्भर हैं। हर युवा देश की सुरक्षा मिशन का हिस्सा बन सकता है। चाहे यूनिफॉर्म पहनकर या बिना यूनिफॉर्म। टेक्नोलॉजी पर काम करो, नीतियां बनाओ, जागरूकता फैलाओ। उन्होंने आगे कहा कि देश के लिए कुछ करो।

### युवाओं को दी बड़ी सीख

सेना प्रमुख ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी खुद तय करो। आज से ही शुरुआत करो। इसके लिए किसी और का इंतजार मत करो। कंफर्ट जोन से बाहर निकलो। नए आइडिया और इनोवेशन मुश्किल हालात से ही निकलते हैं। ज्यादा आराम और ज्यादा सुविधाएं दिमाग को सुस्त बना देती हैं। नेशनल सिक्योरिटी सिर्फ बॉर्डर पर नहीं होती। यह उन आम लोगों और युवाओं से भी जुड़ी है। जो देश के लिए जिम्मेदार बनते हैं और लापरवाही नहीं करते। सक्सेस मेहनत मांगती है। हर चुनौती को मौका समझो और उससे सीखो।

### युवा बड़े रिफॉर्म की थीम तय करेगा

सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पहली बार, यूथ लीडर्स फोरम एक प्री-इवेंट के तौर पर आयोजित किया जा रहा है, खासकर देश के युवाओं के लिए, जो एक मजबूत, सुरक्षित और विकसित भारत को बदलने के लिए बड़े रिफॉर्म की थीम तय करेगा। भारत के इतिहास में कई हीरो हैं जो इसके युवा बेटों और बेटियों के साहस और पक्के इरादे का सबूत हैं।

### कई युद्धों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाई

वहीं कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि आप वह पीढ़ी हैं जो एक विकसित भारत और तकनीकी रूप से संप्रभु राष्ट्र देखेंगी। इजराइल-हमास, रूस-यूक्रेन और अजरबैजान-आर्मेनिया जैसे संघर्षों में युवाओं ने बड़ी भूमिका निभाते दिखे हैं। युवाओं ने साइबर और सूचना जैसी तकनीक और कॉग्निटिव डोमेन में युद्ध नेतृत्व कर अपनी कौशल और ताकत का परिचय दिया है।

## खबर संक्षेप

### जोधपुर में तीन संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर में एटीएस और आईबी ने कई जगहों पर छापेमारी की। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की संयुक्त कार्रवाई में तीन कथित आतंकवादियों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए संदिग्धों पर अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से जुड़ाव और फंडिंग नेटवर्क से संपर्क होने के संदेह हैं। स दौरान दो संदिग्ध जोधपुर में और एक जैसलमेर में पकड़ा गया।

### 23 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला फरार



**हैदराबाद।** हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार ने एक मामले में सब-इंस्पेक्टर श्रीकांत गौड़ को सस्पेंड कर दिया है। 23 करोड़ का एक हाई-प्रोफाइल फाइनेंशियल फ्रॉड का आरोपी वुपलापटी सतीश पुलिस कस्टडी से भाग गया। आरोप है कि सब-इंस्पेक्टर ने 2 करोड़ रुपए की रिश्वत लेकर आरोपी को भागने में मदद की थी। घटना 24 अक्टूबर को उस दौरान हुई जब टास्क फोर्स की एक टीम सतीश, उसकी पत्नी और बेटी को मुंबई से हैदराबाद ला रही थी।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी बोले

# पटेल का भारत सुरक्षा और सम्मान से कभी भी 'समझौता' नहीं करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व और प्रेरणा का पल है। हमने संकल्प लिया है कि हम ऐसे कार्यों को बढ़ावा देंगे, जो देश की एकता को मजबूती दें। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर एकता नगर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान हम सभी एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही 'रन फॉर यूनिटी' में कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती का दिन स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय एकता का महापर्व बन गया है। जिस तरह हम 140 करोड़ देशवासी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हैं, वैसे ही एकता दिवस का महत्व हमारे लिए प्रेरणा और गर्व का पल है।

देश की एकता को कमजोर करने वालों से दूरी बनाएं, ये राष्ट्रीय कर्तव्य

नेहरू ने कश्मीर को अलग संविधान और निशान से बांट दिया

### इतिहास बनाने के लिए मेहनत करें



वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर पीएम नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 562 रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को सरदार साहब ने संभव करके दिखाया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था। पीएम मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया कि हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है, हर देशवासी को उससे दूर रहना है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है।"*

### देश की संप्रभुता को लेकर पूर्व की सरकारें गंभीर नहीं

कश्मीर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा, लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। एक ओर कश्मीर में हुई गलतियां, दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देश में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद-माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थीं, लेकिन उस समय की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला।

### भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि अब देश ने पहली बार इस बड़े खतरे के खिलाफ भी निर्णायक लड़ाई लड़ने की ठानी है। लाल किले से मैंने 'डेमोग्राफी मिशन' का ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि ये लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है। ये अपनी सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर संकल्प यह भी है कि हम भारत में रह रहे हर घुसपैठिए को निकालकर ही रहेंगे।

### कश्मीर पर कांग्रेस की गलती से देश दशकों तक जलता रहा

*पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही कश्मीर का विलय हो, लेकिन, नेहरू जी ने उनकी वह इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की लचर नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। पाकिस्तान ने आतंकवाद को हवा दी। राज्य प्रायोजित आतंकवाद की कश्मीर और देश को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी, लेकिन फिर भी कांग्रेस हमेशा आतंकवाद के आगे नतमस्तक रही।*

भारत-यूएस के बीच रक्षा समझौता

# 10 वर्षीय 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' पर हस्ताक्षर



पीट हेगसेथ और राजनाथ सिंह समझौते के बाद मीडिया को एमओयू दिखाते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में 12 वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम-प्लस) के अवसर पर अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद, दोनों नेताओं ने 'अमेरिका-भारत प्रमुख रक्षा साझेदारी की रूपरेखा' पर हस्ताक्षर किए, जो पहले से ही मजबूत रक्षा साझेदारी में एक नए युग की शुरुआत करेगी। वर्ष 2025 की रूपरेखा अगले 10 वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को और भी बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इसका उद्देश्य रक्षा सहयोग को और मजबूत करना है।

### भारत प्राथमिकता वाला देश: यूएस

पीट हेगसेथ ने दोहराया कि रक्षा सहयोग में भारत अमेरिका के लिए एक प्राथमिकता वाला देश है और वे स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह ढांचा द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और प्रतिरोध की आधारशिला है। हम अपने समन्वय, सूचना साझाकरण और तकनीकी सहयोग को बढ़ा रहे हैं। हमारे रक्षा संबंध पहले कभी इतने मजबूत नहीं रहे। दोनों नेताओं ने मौजूदा रक्षा मुद्दों और चुनौतियों की समीक्षा की और रक्षा उद्योग एवं प्रौद्योगिकी सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के दौर में चुनौतियों के समाधान के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

### रक्षा क्षेत्र प्रमुख स्तंभ बना रहेगा: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह हमारे बढ़ते रणनीतिक संबंधों का संकेत है और साझेदारी के एक नए दशक का सूत्रपात करेगा। रक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों का प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। एक स्वतंत्र, खुले और नियमबद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारी साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका के बीच सैन्य अभ्यासों और गतिविधियों, सूचना साझाकरण, समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय और वैश्विक साझेदारों के साथ सहयोग, रक्षा औद्योगिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग तथा रक्षा समन्वय तंत्र के माध्यम से रक्षा संबंधों का विस्तार जारी है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

# सफल रहा कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल, जल्द शुरू होंगी उड़ानें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर पर हवाई परिचालन की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। शुक्रवार को एयरपोर्ट के रनवे पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की कैलिब्रेशन फ्लाइट ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की।

यह ट्रायल नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की निगरानी में संपन्न हुआ। इस फ्लाइट ट्रायल के दौरान एयरपोर्ट के आईएलएस (इंटीग्रेटेड लैंडिंग सिस्टम), कम्युनिकेशन सिस्टम और नेविगेशन उपकरणों की बारीकी से जांच की गई। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की विशेष टीम ने इस प्रक्रिया को अंजाम दिया।



सफल ट्रायल के बाद नोएडा एयरपोर्ट के अधिकारियों की टीम

### डीजीसीए की टीम ने मानकों को परखा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। आने वाले महीनों में यहां वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में यह कैलिब्रेशन फ्लाइट ट्रायल एयरपोर्ट की तैयारियों की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ है। डीजीसीए की टीम ने इस दौरान विभिन्न तकनीकी मानकों और सिग्नल की सटीकता को परखा। यह सुनिश्चित किया गया कि रनवे पर विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान सभी सिस्टम सुरक्षित और सुचारू रूप से कार्य करें।

भारत से दुश्मनी पड़ रही महंगी

# दुबई से भारतीय चावल महंगे दाम में खरीद रही है बांग्लादेश की सरकार

एजेंसी ▶▶ ढाका

मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने के बाद से ही नई दिल्ली और ढाका के बीच संबंधों में खटास आ गई। इसके बाद भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कई कड़े एक्शन लिए। अब बांग्लादेश को महंगे दाम में चावल खरीदना पड़ रहा है। वह अब दुबई के जरिए भारत का ही चावल महंगी कीमत पर लेना पड़ रहा है। बांग्लादेश के खाद्य विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि वह जो चावल दुबई से खरीद रहा है, वह असल में भारतीय ही है। ऐसे में बांग्लादेश के हैरान लोगों ने भी सवाल खड़े किए हैं कि आखिर में भारत का चावल, भारत के बजाए दुबई से क्यों खरीदा जा रहा। यह तो पैसों की बर्बादी है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय के अनुसार 50,000 टन पारबॉयल्ड चावल म्यांमार से और 50,000 टन नॉन-बासमती पारबॉयल्ड चावल दुबई से आएगा, जिसकी कुल कीमत 323 करोड़ होगी। दुबई के जरिए चावल इंपोर्ट करने पर एक्स्ट्रा खर्च आ रहा है, जो जनता के पैसे की बर्बादी है। दुबई भारत से चावल इंपोर्ट करता है।



अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस

## तीनों सेनाओं को बड़ा युद्धाभ्यास 'त्रिशूल 2025' शुरू



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार से अपने तीनों सैन्य बलों – थलसेना, नौसेना और वायुसेना – के साथ मिलकर 'त्रिशूल 2025' नाम का एक बहुत बड़ा युद्ध अभ्यास शुरू किया है। यह अभ्यास गुजरात और राजस्थान के इलाकों में हो रहा है। अभ्यास 10 नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। मुख्य गतिविधियां गुजरात के कच्छ क्षेत्र में केंद्रित हैं, जो पाकिस्तान के साथ सर क्रीक सीमा के पास एक संवेदनशील जगह है। अभ्यास में थलसेना टी–90 टैंक, ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल सिस्टम, साथ ही प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल कर रही है। वायुसेना राफेल और सुखोई सु–30 लड़ाकू विमान, सी गार्जियन और हेरॉन ड्रोन का उपयोग करेगी। नौसेना कोलकाता–क्लास डेस्ट्रॉयर, नीलगिरी–क्लास फ्रिगेट और तेज हमला करने वाली नावें समुद्री अभ्यास में शामिल होंगी।

आत्मनिर्भर भारत की नई उड़ान! एलएंडटी और जीए-एएसआई ने मिलाया हाथ

# भारत में बनाई जाएंगी अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लार्सन एंड टूब्रो यानी एलएंडटी और अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स इंक यानी जीए-एएसआई ने मिलकर एक रणनीतिक पार्टनरशिप का ऐलान किया है। ये दोनों कंपनियां अब भारत में मीडियम ऑल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स (आरपीएएस) बनाएंगी, जो भारतीय सेना के लिए होंगे। आसान शब्दों में अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली का निर्माण करेंगी। ये हाई टेक ड्रोन जो ऊंचाई पर घंटों उड़कर निगरानी करते हैं और जरूरत पड़े तो हमला भी कर सकते हैं, अब पूरी तरह भारत में ही बनेंगे। जीए-एएसआई दुनिया में एडवांस्ड अनमैन्ड एरियल सिस्टम्स की ग्लोबल लीडर है, उसके पास दशकों का परिचालन अनुभव है।

*ड्रोन घंटों तक उड़ने में सक्षम निगरानी करेंगे*

*जरूरत पड़ने पर दुश्मन पर हमला भी करेंगे*



जीए–एएसआई कंपनी का एमक्यू–9बी श्रृंखला वाला ड्रोन

### एलएंडटी को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा

एलएंडटी की ताकत डिफेंस और एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग, प्रिसीजन मैन्युफैक्चरिंग और सिस्टम इंटीग्रेशन है। दोनों मिलकर कॉम्बैट प्रूवन एमएएलई आरपीएएस प्लेटफॉर्म्स डिलीवर करेंगे, जो पूरी तरह भारत में बने होंगे। इस प्रोग्राम में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होगा और इंडिजिनस कंटेंट रिक्वायरमेंट्स पूरी होंगी, जो भारतीय सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया इनिशिएटिव्स से पूरी तरह मैच करती हैं।

### एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम में लेगी हिस्सा

कंपनी ने बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एलएंडटी की इंजीनियरिंग, सटीक विनिर्माण और डिफेंस-एयरोस्पेस सेक्टर में सिस्टम इंटीग्रेशन की विशेषज्ञता व जीएएएसआई की परिचालन क्षमता का उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के आगामी 87 एमएएलई आरपीएएस कार्यक्रम में भाग लेगी, जहां एलएंडटी प्रमुख बोलीदाता होगी और जीए-एएसआई प्रौद्योगिकी साझेदार होगी।

### एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव

इस सहयोग से जीए-एएसआई के एमक्यू-श्रृंखला आरएपीएस का उत्पादन संभव हो सकेगा, जो युद्ध में सिद्ध हैं। ये विमान विश्व भर में व्यापक रूप से कार्यरत हैं व निगरानी और हमले के अभियानों में लाखों घंटे उड़ान भर चुके हैं। एलएंडटी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि यह साझेदारी भारत को स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक मानवरहित प्लेटफार्मों के निर्माण का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह गठबंधन भारत की रक्षा क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाएगा।

भारतीय विरासत का मनाया जश्न

# इजराइल में भारतीय फिल्म महोत्सव शुरू, दिखाई जाएंगी 6 मशहूर फिल्में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दूतावास ने हाइफा नगर पालिका के साथ मिलकर गुरुवार को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। यहां 200 से ज्यादा लोगों ने भारतीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन में हिस्सा लिया। इस मौके पर छह फिल्मों का प्रदर्शन हुआ जिसके जरिए भारतीय सिनेमा की विरासत का जश्न मनाया गया।

भारतीय दूतावास ने इस वर्ष फरवरी में एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया था। इसे भारत के प्रति उत्साही लोगों ने सराहा था। इसके बाद दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इजराइल फिल्म निर्माता, डैन वोलमैन ने इस महोत्सव को एक अहम पहल बताया। महोत्सव के तहत इजराइल के कई हिस्सों में भारत की फिल्में दिखाई जाएंगी। दो हफ्ते के इस आयोजन के दौरान हाइफा, तेल अवीव और दिमोना में पद्मावत, गंगूबाई काठियावाड़ी, जवान, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, अंधाधुन और 12वीं फेल जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी।



'पद्मावत' फिल्म का एक दृश्य

# भगवान पर अटूट आस्था से उबरने में मदद मिली : जेमिमा

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई




अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली।

दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। जेमिमा ने कहा,' मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है।' उन्होंने कहा,' जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैंने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी , मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा,' इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।' जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली

## थकान के कारण खेले कुछ पेचीदा शॉट

जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी । मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा,' मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

## हमारी टीम ऑस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी : हीली




**नवी मुंबई।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढ़ता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम आस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी। हीली ने कहा,' हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली।' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां की, जो आम तौर पर टीम नहीं करती है।

69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ

# जबलपुर संभाग बना ओवरऑल चैंपियन



**जबलपुर।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025 को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबलपुर में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 अक्टूबर को हुआ था, जिसमें प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक वर्ग), रोप स्कीपिंग (14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) तथा खो-खो (19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) का आयोजन किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, विधायक अजय विश्नोई, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक नीरज सिंह एवं नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

महापौर श्री सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ शरीर का आधार हैं। सभी अतिथियों ने विजेता टीमों को 1100 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की और सभी खिलाड़ियों को डुमना नेचर पार्क भ्रमण की सौगात दी।

सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कि आज बेटियाँ भी खेल के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि खेलों से भाईचारा और व्यक्तित्व विकास दोनों को बल मिलता है। वहीं विधायक लखन घनघोरिया और नीरज सिंह ने खेल भावना को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताया।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 10 संभागों के 1050 बालक-बालिका एवं अधिकारी शामिल हुए। प्रतियोगिता की सभी व्यवस्थाएँ सुनियोजित रूप से की गईं।

परिणामों में खो-खो (19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग) में जबलपुर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक वर्ग) में उज्जैन संभाग विजेता रहा, जबकि रोप स्कीपिंग प्रतियोगिताओं में भोपाल संभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कुल अंकों के आधार पर जबलपुर संभाग को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण अरुण कुमार इंग्ले, डीईओ घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल आशा सिसोदिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।









INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs; Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. ^Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of HF Deluxe and Splendor+ in Madhya Pradesh.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240